RNI.No. — GUJHIN/2012/45192

# सूरत भूमि

हिन्दी दैनिक

संपादक : संजय आर. मिश्रा

श्री 1008 महामंडलेश्वर
श्री स्वामी रामानंद दासजी महाराज
श्री रामानंद दास अन्नक्षेत्र सेवा ट्रस्ट, तपोवन आश्रम

स्व. पू.1008 श्री रामानन्द जी
तपोवन मंदिर, मोरा गांव, सूरत

वर्ष-13 अंक: 64 ता. 31 अगस्त 2024, शनिवार , कार्यालय:114, न्यु प्रियंका टाउनशीप अपार्टमेंट, डिंडोली, डिंडोली, उधना सूरत ( गुजरात ) मो. 9327667842, 9825646069 पृष्ठ: 8 कीमत: 2:00 रुपये

ho@suratbhumi.com /Suratbhumi.com /Suratbhumi /Suratbhumi /Suratbhumi /Suratbhumi


## पहला कॉलम

### हिमंत सरकार ने पेश किया बिल..... मुस्लिम विवाह में काजी व्यवस्था से छुटकारा

**गुवाहाटी ।**

असम विधानसभा ने निकाह को लेकर एक विधेयक पारित किया है। नए बिल के तहत मुस्लिमों के विवाह और तलाक रजिस्ट्रेशन से जुड़ा कानून निष्प्रभावी होगा। राजस्व और आपदा प्रबंधन मंत्री जोगेन मोहन ने विधानसभा में विधेयक पेश किया था, इसमें असम मुस्लिम विवाह और तलाक रजिस्ट्रेशन अधिनियम, 1935 और असम निरसन अध्यादेश 2024 को रद्द करने का प्रावधान है। विधेयक पर सदन में हुई चर्चा में मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा, हमारा मकसद न केवल बाल विवाह को खत्म करना, बल्कि काजी व्यवस्था से छुटकारा दिलाना है। हम मुसलमानों के विवाह और तलाक का रजिस्ट्रेशन सरकारी प्रणाली के तहत लाना चाहते हैं। सीएम हिंमत ने कहा कि सभी विवाहों का रजिस्ट्रेशन सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार करना होगा, लेकिन राज्य सरकार उद्देश्य के लिए काजियों की तरह अलग से किसी निजी इकाई का समर्थन नहीं कर सकती।विपक्षी दलों ने फैसले की निंदा कर मुस्लिमों के साथ भेदभाव वाला और चुनावी साल में मतदाताओं के ध्रुवीकरण वाला बताया। असम सरकार ने मंगलवार को असम मुस्लिम विवाह और तलाक अनिवार्य रजिस्ट्रेशन विधेयक, 2024 पेश किया था।

### रामदास सोरेन ने ली मंत्री पद की शपथ

**रांची ।**

घाटशिला से विधायक रामदास सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड सरकार में मंत्री पद की शपथ ली। राजभवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोरेन को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। भाजपा में शामिल होने के लिए इस्तीफा देने के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मंत्रिमंडल में पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से मंत्री पद की भूमिका संभाली। गौरतलब है कि चंपई सोरेन, जिन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा से इस्तीफा दे दिया था, वर्तमान सीएम हेमंत सोरेन को कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद कुछ समय के लिए झारखंड के मुख्यमंत्री भी रहे।

### 48 साल बाद अगस्त में अरब सागर में आएगा तूफान

**गांधीनगर ।** अरब सागर में 48 साल बाद अगस्त में चक्रवाती तूफान की आशंका है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को कहा, गुजरात के करीब अरब सागर में यह तूफान 12 घंटे में देखने को मिल सकता है।तूफान का सबसे ज्यादा असर कच्छ में दिखेगा। कच्छ में 65 से 75 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी। तूफान के चलते राजकोट, जामनगर, पोरबंदर, जूनागढ़, द्वारका में भी भारी बारिश का अलर्ट है। कच्छ और राजकोट में स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है। मौसम विभाग ने कहा है कि बहुत ही दुर्लभ मामले में अरब सागर में अगस्त में चक्रवाती तूफान देखने को मिलते हैं। अब तक सिर्फ तीन तूफान अगस्त में अरब सागर से उठे हैं। पहली बार अगस्त 1944 में तूफान आया था। इसके बाद 1964 में गुजरात के तट पर साइक्लोन आया था। अगस्त में आखिरी तूफान 1976 में आया था। हालांकि, बंगाल की खाड़ी में 132 सालों में अगस्त में 28 तूफान आ चुके हैं।

### जातिगत जनगणना में इंडिया के राग में रंगी दिख रही जेडीयू

**नई दिल्ली ।** ओबीसी कल्याण पर संसदीय समिति की हाल ही में हुई बैठक में इंडिया गठबंधन के दलों और एनडीए सहयोगियों ने जातिगत जनगणना को लेकर अपनी मांगों को मजबूती से उठाया। बैठक में जेडीयू ने विशेष रूप से जातिगत जनगणना कराने की मांग की और ओबीसी के लिए क्रीमी लेयर की सीमा को मौजूदा सीमा से बढ़ाकर 20 लाख रुपये करने का प्रस्ताव रखा। जेडीयू का कहना है कि वर्तमान में क्रीमी लेयर की सीमा ओबीसी वर्ग के लिए पर्याप्त नहीं है, इस सीमा को बढ़ाने की आवश्यकता है ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। इंडिया गठबंधन के दलों ने भी जातिगत जनगणना की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने समिति के अध्यक्ष से अनुरोध किया कि वे गृह मंत्रालय को एक सिफारिशी पत्र भेजें, जिसमें देश में जातिगत जनगणना करने की मांग करे। बैठक में ओबीसी के लिए खाली पदों को भरने और आरक्षण लागू करने की भी मांग की गई। केंद्रीय विश्वविद्यालयों में ओबीसी की खाली सीटों को तत्काल भरने और अस्थायी पदों में भी आरक्षण को लागू करने की मांग प्रमुखता से उठाया गया।

# मैं सिर झुका कर अपने भगवान शिवाजी महाराज से माफी मांगता हूं : पीएम मोदी

## उन्हें सावरकर का अपमान कर पश्चाताप तक नहीं होता

**मुंबई।**

मालवण में छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति ढहने की घटना पर पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को माफी मांगी है। पीएम मोदी ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज हमारे लिए सिर्फ एक नाम नहीं है। आज मैं सिर झुकाकर अपने भगवान छत्रपति शिवाजी महाराज से माफी मांगता हूं।

उन्होंने कहा कि हमारे संस्कार अलग हैं, हम वह लोग नहीं हैं, जो आए दिन भारत मां के महान सपूत, इसी धरती के लाल वीर सावरकर को अनाप-शनाप गालियां देते रहते हैं, अपमानित करते हैं, देशभक्तों की भावनाओं को कुचलते हैं। वे लोग सावरकर को गालियां देने के बाद भी माफी मांगने को तैयार नहीं हैं। उन्हें पश्चाताप तक नहीं होता है, महाराष्ट्र की जनता उनके संस्कार को जान गई है।पीएम मोदी ने कहा कि जब 2013 में भाजपा ने मुझे प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में निश्चित किया, तब मैंने सबसे पहले रायगढ़ के किले में जाकर छत्रपति शिवाजी महाराज की समाधि के सामने बैठ कर प्रार्थना की और राष्ट्रसेवा की एक नई यात्रा आरंभ की थी। उन्होंने कहा कि जो लोग छत्रपति शिवाजी महाराज को अपना देवता मानते हैं और इससे उन्हें बहुत ठेस पहुंची है, मैं सिर झुकाकर उनसे माफी मांगता हूं। हमारे लिए मूल्य अलग हैं। हमारे लिए हमारे देवता से बड़ा कुछ नहीं है।उन्होंने कहा कि जो लोग शिवाजी महाराज को अपना देवता मानते हैं और इससे उन्हें बहुत ठेस पहुंची है, मैं सिर झुकाकर उनसे माफी मांगता हूं। हमारे मूल्य अलग हैं। हमारे लिए हमारे देवता से बड़ा कुछ नहीं है।उन्होंने कहा कि जो लोग शिवाजी महाराज को अपना देवता मानते हैं और इससे उन्हें बहुत ठेस पहुंची है, मैं सिर झुकाकर उन लोगों से माफी मांगता हूं। हमारे मूल्य अलग हैं। हमारे लिए हमारे देवता से बड़ा कुछ नहीं है। मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र के पास विकास के लिए सामर्थ्य भी है और जरूरी संसाधन भी है। यहां समुद्र के तट भी है और इन तटों से अंतरराष्ट्रीय व्यापार का सदियों पुराना इतिहास भी है। यहां भविष्य की अपार संभावनाएं भी हैं। इन अवसरों का पूरा लाभ महाराष्ट्र और देश को मिले... इसके लिए शुक्रवार को वाढवण पोर्ट की नींव रखी गई है। यह देश का सबसे बड़ा कंटेनर पोर्ट होगा। ये देश ही नहीं, बल्कि दुनिया के सबसे गहरे पोर्ट में से एक महत्वपूर्ण पोर्ट होगा।प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने दो-तीन दिन पहले ही दिघी बंदरगाह औद्योगिक क्षेत्र के विकास को भी मंजूरी दे दी है। यानि, ये महाराष्ट्र के लोगों के लिए डबल खुशखबरी है। ये छत्रपति शिवाजी के सपनों का भी प्रतीक बनेगा। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की प्रगति यात्रा में आज एक ऐतिहासिक दिन है। विकसित महाराष्ट्र, विकसित भारत के संकल्प का एक अनिवार्य हिस्सा है। इसलिए, पिछले 10 वर्षों में हमने महाराष्ट्र की प्रगति के लिए लगातार बड़े फैसले लिए हैं।

# यूपीए सरकार ने भी कराई थी जाति जनगणना, आंकड़े नहीं हो सके सार्वजनिक

## -अब विपक्ष उठा रहा मांग, एनडीए के सहयोगी दल भी दे रहे साथ

**नई दिल्ली,।**

विपक्ष लंबे समय से जातिगत जनगणना कराने की मांग पर अड़ा है। अब एनडीए के सहयोगी जेडीयू भी विपक्ष का साथ खड़ा हो गया है। जेडीयू ने भी कहा है कि जाति आधारित जनगणना को संसदीय समिति में चर्चा के लिए लाया जाए। आजादी के बाद से भारत सरकार ने कभी जातिगत जनगणना नहीं कराई। हालांकि यूपीए सरकार ने जाति जनगणना के समय जातियों का आंकड़ा जुटाया था लेकिन इसे सार्वजनिक नहीं किया जा सका।

यूपीए-2 के दौरान जब सरकार ने गरीबों के लिए अपनी योजनाओं का विस्तार करना चाहा तो गरीबी के स्तर का पता लगाने उसने शहरी और ग्रामीण दोनों इलाकों में सोशियो इकोनॉमिक कास्ट सेंसस कराने का फैसला लिया। इसमें कुछ नियम तय किए गए जिनके तहत कुछ वर्गों को ऑटोमैटिक ही गरीबों की सूची में शामिल किया जाना था। किसी परिवार के पास कार, तीन कमरों का पक्का मकान था तो उसे सीधे गरीबी रेखा से हटा दिया गया था।

वहीं सिंगल मदर और मैला ढोने वालों को गरीबी रेखा के नीचे की सूची में रखा जाना था। इसका मुख्य उद्देश्य परिवारों का सामाजिक-आर्थिक स्तर पर निर्धारण करना था। वहीं आर्थिक और सामाजिक स्थिति के आधार पर उसकी जाति का भी पता लगाना था।

27 मई 2010 की बैठक में कांग्रेस आलाकमान ने तय किया कि 2011 की जनगणना के साथ ही जाति के आधार पर आंकड़े भी इकट्ठा करवाए जाएं। इससे सामाजिक और राजनीतिक स्तर पर तथ्यात्मक जानकारी सामने आ जाएगी।

हालांकि इस जनगणना में केवल गिनती ही की जानी थी। जाति के आधार पर किसी के सामाजिक और आर्थिक स्तर की जानकारी बताने पर पहले ही सहमति नहीं बनी थी। इसके बाद तत्कालीन पीएम डॉ. मनमोहन सिंह ने तत्कालीन वित्तमंत्री प्रणव मुखर्जी की अगुआई में कुछ मंत्रियों को इस काम की जिम्मेदारी सौंपी थी।एनसी सक्सेना के अगुआई वाले ग्रुप ने प्रस्ताव रखा कि कुछ वर्गों को ऑटोमैटिक बीपीएल में रखा जाए और कुछ को बाहर कर दिया जाए। भूमि, वाहन, खेती के उपकरणों और इनकम टैक्स के आधार पर यह तय किया जाना था। वहीं आदिवासियों, महादलितों, सिंगल महिला, दिव्यांगों और बेघरों को ऑटोमैटिक बीपीएल श्रेणी में शामिल करने का प्रस्ताव रखा था। इसके अलावा अन्य लोगों को जाति, समुदाय, धर्म, काम, शिक्षा और घर के मुखिया की उम्र के आधार पर आंका जाना था।अधिकारियों के मुताबिक लोगों का जाति बताने का तरीका अलग-अलग था। कुछ लोग उपजाति बताते थे तो कुछ लोग समुदाय के आधार पर जाति बताते थे। इसके बाद 2022 में सामाजिक न्याय मंत्रालय ने ससंद में कहा था कि फिलहाल जाति आधारित आंकड़ा जारी करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। वहीं एनडीए सरकार ने अरविंद पानगड़िया की अध्यक्षता में जनगणना से जातिगत आंकड़ा अलग करने के लिए एक कमेटी बनाई थी। अब तक यह आंकड़ा जारी नहीं हो सका।

# भाजपा को वोट देने में कंजूसी नहीं करे मुसलमान : नकवी

**लखनऊ ।**

पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने मुसलमानों से भाजपा से नफरत करने की सोच को बदलने की अपील की है। उन्होंने विपक्ष पर करारा प्रहार कर कहा कि सामंती सुल्तानों के तथाकथित सिंडिकेट के दुष्प्रचार से पैदा भय-भ्रम के चलते एक राष्ट्रवादी राजनैतिक दल के साथ अस्पृश्यता और असहिष्णुता के रवैये को बदलना समय की मांग है। उन्होंने कहा कि जब भाजपा किसी के विकास में कमी नहीं करती, तब भाजपा को वोट देने में कंजूसी करना नाजायज है।पूर्व केंद्रीय मंत्री नकवी ने अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक में ये विचार व्यक्त किये। दरअसल, भाजपा के सदस्यता अभियान के दौरान भाजपा अन्य जातियों के साथ ही मुस्लिमों को भी पार्टी से जोड़ने पर फोकस कर रही है। भाजपा ने तय किया है कि 5 लाख मुसलमानों को सदस्य बनाया जाएगा। लखनऊ में आयोजित अल्पख्यक मोर्चा की कार्यशाला में पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री नकवी ने भी संबोधित किया। उन्होंने मुसलमानों से खासकर भाजपा से नफरत करने की सोच को बदलने की अपील की। उन्होंने कहा कि जब भाजपा किसी के विकास में कमी नहीं करती, तब उस वोट देने में कंजूसी करना नाजायज है।नकवी ने अल्पसंख्यक समाज को सावधान रहने की सलाह देकर कहा कि कुछ सियासी सामंती सूबेदार संविधान, लोकतंत्र, सेक्यूलरिज्म और अल्पसंख्यकों पर खतरे के भय-भ्रम और भौकाल से देश के अल्पसंख्यकों को प्रगति की धारा से अलग करने की साजिश है। वहीं वक्फ संशोधन विधेयक को वक्त की जरूरत बताते हुए कहा कि जेपीसी में चल रहे मंथन से अमृत जरूर निकलेगा।

पाकिस्तान पर केंद्रीय मंत्री जयशंकर...

# निर्बाध बातचीत का युग खत्म

**नई दिल्ली ।**

दिल्ली में एक पुस्तक विमोचन कार्यक्र म में पाकिस्तान पर केंद्रीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा, पाकिस्तान के साथ निर्बाध बातचीत का युग खत्म....जहां तक जम्मू-कश्मीर का सवाल है,

धारा 370 खत्म हो गई है, तब मुद्दा यह है कि हम पाकिस्तान के साथ किस तरह के रिश्ते पर विचार कर सकते हैं...

मैं जो कहना चाहता हूं वह यह है कि हम निष्किय नहीं हैं, और चाहे घटनाएं सकारात्मक या नकारात्मक दिशा लेती हों, किसी भी तरह से हम प्रतिक्रिया देने को तैयार है। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा क पाकिस्तान के साथ निर्बाध

बातचीत का युग अब खत्म हो चुका है। उन्होंने साफ किया कि भारत अब आतंकवाद और बातचीत को एक साथ नहीं देख सकता है, और पाकिस्तान को अपनी नीति पर पुनर्विचार करना होगा यदि वह भारत के साथ बातचीत करना चाहता है।

जयशंकर का बयान भारत-पाकिस्तान संबंधों में हाल के वर्षों में आए तनाव को दिखाता है। उन्होंने कहा, भारत ने अतीत में पाकिस्तान के साथ बातचीत के लिए कई प्रयास किए, लेकिन आतंकवाद के मुद्दे पर उनकी दोहरी नीति के कारण यह संभव नहीं हो सका।

अब समय आ गया है कि पाकिस्तान समझे कि बातचीत की मेज पर बैठने के लिए आतंकवाद को पूरी तरह से खत्म करना होगा।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर में खिलेगा कमल: रैना

## -नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी का घोषणा-पत्र हिंसा भड़काने वाला

**जम्मू।**

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है इसको लेकर सभी पार्टियां तैयारियों में जुट गई हैं। नेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया है। सभी दलों के नेता जीत के दावे कर रहे हैं। वहीं जम्मू-कश्मीर बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष रविंदर रैना ने कहा कि बीजेपी चुनावी मैदान में उतर चुकी है। बड़ी रैलियां आयोजित की जा रही है। चुनावी मैदान में मीडिया कम्युनिकेशन सेंटर की स्थापना हो चुकी है। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जो अहम काम है, उनको किया जा रहा है।विपक्ष के चुनाव लड़ने को लेकर रैना ने कहा कि जो भारत के संविधान को मानता है, उसे भारत में चुनाव लड़ने का पूरा हक है। पीएम मोदी के नेतृत्व में हम जम्मू-कश्मीर में कमल का फूल खिलाएंगे। पीडीपी के घोषणा-पत्र पर रैना ने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी के घोषणा-पत्र का उद्देश्य जम्मू-कश्मीर में हिंसा भड़काना है। नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी और कांग्रेस चाहती हैं कि जम्मू-कश्मीर में बम, बंदूक, गोली और ग्रेनेड की आवाजें गूंजती रहें और उन्होंने हमेशा इस पर राजनीति की है। उन्होंने कहा कि अब, जब जम्मू-कश्मीर शांति स्थापित होने जा रही है तो वहां कोई पथराव नहीं, कोई हड़ताल नहीं, समाज के सभी वर्ग हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई सौहार्दपूर्वक एक साथ रह रहे हैं, तो शायद यही बात नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी और कांग्रेस को असहज कर रही है। बता दें चुनाव आयोग ने जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में विधानसभा चुनाव कराने का ऐलान किया है। 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को मतदान होगा। परिणाम 4 अक्टूबर को आएंगे।

# मप्र को जानने समझने का अवसर प्रदान करता मध्यप्रदेश उत्सव : सीएम यादव

## - एमपी भवन में किया उत्सव का शुभारंभ - दिल्ली में पहली बार मध्यप्रदेश उत्सव का हो रहा आयोजन

**नई दिल्ली,।**

मध्य प्रदेश सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, जनजातीय विरासत, पर्यटन, कला, रहन-सहन और विविध व्यंजन आदि की दृष्टि से समृद्ध राज्य है। यह बात मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिल्ली स्थित मध्यप्रदेश भवन में मध्यप्रदेश उत्सव का शुभारंभ करते हुए कही है। सीएम डॉ. यादव ने शुक्रवार को मध्य प्रदेश उत्सव का शुभारंभ करते हुए कहा कि देश के दिल (मध्य प्रदेश) की समृद्ध, सांस्कृतिक धरोहरों से दिल्ली और अन्य प्रदेशों के लोगों को परिचित कराने के लिए ही देश की राजधानी में 4 दिवसीय मध्यप्रदेश उत्सव का अनूठा आयोजन किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पहल पर दिल्ली में पहली बार वृहद स्तर पर मध्यप्रदेश उत्सव का आयोजन किया गया है, जो 30 अगस्त से 2 सितंबर तक चलेगा। सीएम डॉ. यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश उत्सव के आयोजन से दिल्लीवासियों एवं अन्य राज्यों से आये पर्यटकों को देश के हृदय प्रदेश मध्यप्रदेश की समृद्धशाली विविधताओं से परिपूर्ण संस्कृति सहित अन्य पहलुओं को जानने का मौका मिलेगा। आगंतुक न सिर्फ प्रदेश की समृद्ध विरासत को जानेंगे, समझेंगे बल्कि विविधताओं से भरे मध्यप्रदेश के विभिन्न अंचलों में बनाये जाने वाले विशिष्ट व्यंजनों सहित सुपर फूड में श्रीअन्न से निर्मित व्यंजनों का आनंद भी ले सकेंगे।विरासत को दर्शाती प्रदर्शनी सीएम डॉ. यादव ने कहा कि पुरातत्व विभाग द्वारा प्रदेश में बेहतरीन कार्य किया गया है। विभाग प्राचीन जर्जर मंदिरों और देवस्थानों को पुनर्स्थापित करने का चुनौतीपूर्ण कार्य सफलतापूर्वक कर रहा है। उन्होंने संचालनालय पुरातत्व अभिलेखाकर एवं संग्रहालय द्वारा आयोजित 'मध्यप्रदेश की विरासत' प्रदर्शनी की सराहना की। मध्यप्रदेश उत्सव में लगाई गई प्रदर्शनी में एक ओर गोंड कलाकारों की चित्रकला को सम्मान और दूसरी ओर लगभग 10 हजार वर्ष पुराने भीमबैठका के शैलचित्रों से सबको अवगत कराने का अभिनव प्रयास किया गया है। सीएम ने ली सेल्फी सीएम डॉ. यादव ने जनसंपर्क विभाग की प्रदर्शनी के सेल्फी पाइंट में सेल्फी भी ली।

उन्होंने प्रदर्शनी की सराहना करते हुए विजिटर बुक में लिखा कि मध्यप्रदेश-उत्सव का आयोजन बहुत बेहतर तरीके से सुयोग्य भाव से प्रदर्शित किया गया है, बधाई। इस कार्यक्रम ह्राम में खेल एवं युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग और अधिकारी व दर्शक भी उपस्थित थे।

# दुल्हन को शादी के समय मिले सोने के गिफ्ट पर किसका हक, सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया बड़ा फैसला

**नई दिल्ली।**

सुप्रीम कोर्ट ने एक फैसला सुनाया कि एक महिला अपने स्त्रीधन की एकमात्र मालकिन है। इसमें विवाह के समय उसके माता-पिता द्वारा दिए गए सोने के आभूषण और अन्य सामान शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि तलाक के बाद महिला के पिता को उसके पूर्व ससुराल वालों से उन उपहारों को वापस मांगने का कोई अधिकार नहीं है। पी वीरभद्र राव की बेटी की शादी दिसंबर 1999 में हुई थी और शादी के बाद पति और पत्नी दोनों अमेरिका चले गए थे। शादी के 16 साल बाद बेटी ने तलाक के लिए अर्जी दी। मिसौरी में लुइस काउंटी सर्किट कोर्ट ने फरवरी 2016 में आपसी सहमति से तलाक को मंजूरी दे दी। संपत्ति और वित्तीय मामले एक अलगाव समझौते के जरिये दोनों पक्षों के बीच सुलझाए गए थे।इसके बाद महिला ने मई 2018 में दोबारा शादी कर ली। तीन साल बाद पी वीरभद्र राव ने हैदराबाद में अपनी बेटी के पूर्व ससुराल वालों के खिलाफ उसका स्त्रीधन वापस करने के लिए एफआईआर दर्ज कराई। महिला के ससुराल वालों ने एफआईआर को रद्द करने के लिए तेलंगाना हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया, लेकिन वे असफल रहे। फिर उन्होंने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की। जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस संजय करोल की पीठ ने ससुराल वालों के खिलाफ मामला खारिज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट कहा कि पिता के पास अपनी बेटी के स्त्रीधन को वापस मांगने का कोई अधिकार नहीं है, क्योंकि वह पूरी तरह से उसका था।जस्टिस करोल ने फैसला लिखते हुए कहा कि 'आम तौर पर मंजूर नियम, जिसे न्यायिक रूप से मान्यता हासिल है, यह है कि महिला को स्त्रीधन पर पूरा अधिकार है। अदालत महिला (पत्नी या पूर्व पत्नी, जैसा भी मामला हो) के स्त्रीधन की एकमात्र मालिक होने के एकमात्र अधिकार के संबंध में साफ है। पति के पास कोई अधिकार नहीं है, और तब यह आवश्यक रूप से निष्कर्ष निकाला जाना चाहिए कि जब बेटी जीवित है, स्वस्थ है और अपने स्त्रीधन की वसूली जैसे निर्णय लेने में पूरी तरह सक्षम है, तो पिता के पास भी कोई अधिकार नहीं है। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा कि 'आपराधिक कार्यवाही का उद्देश्य गलत काम करने वाले को न्याय के कटघरे में

लाना है। यह उन लोगों के खिलाफ बदला लेने या प्रतिशोध लेने का साधन नहीं है, जिनके साथ शिकायतकर्ता की दुश्मनी हो सकती है।' पिता के खिलाफ एक और पहलू यह था कि उन्होंने शादी के दो दशक से अधिक समय बाद, तलास होने के पांच साल बाद और अपनी बेटी के फिर से शादी के तीन साल बाद 'स्त्रीधन' की वसूली के लिए आपराधिक कार्यवाही शुरू की।

## खेल प्रतियोगिता में हंडिया के एक तरफ विकास चौहान तो दूसरी तरफ अम्बिका यादव ने मारी बाजी

**संवाददाता लक्ष्मीकांत पाण्डेय, प्रयागराज। युवा कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश के निर्देश पर 26 अगस्त से 31 अगस्त तक प्रदेश मे विभिन्न खेलो का आयोजन किया गया इसी क्रम में 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस पर ग्रामीण स्टेडियम हंण्डिया मे दौड का आयोजन एव योग शिविर का आयोजन किया गया जिसमे बालक स्टेडियम का खिलाड़ी विकास कुमार चौहान और बालिका स्टेडियम वर्ग की खिलाड़ी अम्बिका यादव ने प्रथम स्थान हासिल किए वही द्वितीय एव तृतीय स्थान पर अमित कुमार, विकास बिद, रिया पाल,सालिनी सिंह रही इस प्रतियोगिता मे मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित अरविंद स्वरूप कुशवाहा उपस्थित निदेशक युवा कल्याण प्रयागराज ने खेल मे विजय प्राप्त करने वाले खिलाडियो प्रोसाहन देते हुए बच्चो को खेल के प्रति जागरूक करते हुए प्रतिभागी खिलाडियो को एक टी शर्ट मेडल तथा प्रमाण पत्र प्रदान किए कार्यक्रम मे प्रयागराज समाज उत्थान समिति के प्रबंधक डाज्कुलभूषण सिंह पटेल, व्यायाम प्रतिक्षक राहुल कुमार मौर्य, के साथ क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी हंण्डिया विशाल सरोज, कोच संदीप सोनकर तथा पी आर डी जवान रूप नारायण समेत अन्य कई गणमान्य उपस्थित रहे ।**

## हुरून इंडिया ने रिच लिस्ट :सबसे ज्यादा अमीर मुंबई, दिल्ली और हैदराबाद में रहते हैं

**नई दिल्ली।**

हाल ही में 2024 की हुरून इंडिया ने अमीरों को लेकर एक सूची जारी की है जिसमें तीन शहरों का जिक्र किया गया है। सूची में उन तीन शहरों को जिक्र किया गया है जहां सबसे ज्यादा अरबपति निवास करते हैं। इस सूची में पहले स्थान पर मुंबई है। यहां 386 अरबपति रहते हैं। दूसरे स्थान पर नई दिल्ली है जहां 217 अरबपति रहते हैं। वहीं, तीसरे स्थान पर हैदराबाद है जहां 104 अरबपति रहते हैं। इससे पहले तीसरे स्थान पर बेंगलुरू था। लेकिन 17 नए अरबपति हैदराबाद में शिफ्ट होने की वजह से उसका स्थान तीसरा हो गया है। मुंबई में इस साल 58 अरबपति बढ़ गए हैं। वहीं, दिल्ली में इस साल 18 नए अरबपति बने हैं। मुंबई में देश के 25 फीसदी अरबपति रहते हैं।मुंबई ने मार्च में एशिया के अरबपतियों के गढ़ के रूप में चीन को पछाड़ा था। हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट 2024 की बात करें तो मुंबई में 92 अरबपति रहते हैं जो कि न्यूयॉर्क में इनकी संख्या 119 हैं। वहीं, लंदन में 97 अरबपति हैं। इस लिहाज से मुंबई को अरबपतियों के घर के रूप में दुनियाभर में तीसरा स्थान प्राप्त है। इससे इतर भारत ने कुल अरबपतियों की संख्या में चीन को पछाड़ दिया है। देश में अरबपतियों की संख्या में 29 फीसदी का इजाफा हुआ है। जबकि चीन में यह संख्या 25 फीसदी घटी है। हुरुन इंडिया के चीफ

रिसर्चर और फाउंडर अनस रहमान जुनैद ने कहा है, भारत एशिया के वेल्थ क्रिएशन इंजन के रूप में उभर रहा है। जहां चीन में अरबपतियों की संख्या में 25 फीसदी की गिरावट आई है वहीं, भारत में इनकी संख्या में 29 फीसदी की वृद्धि हुआ है।

## योगी की बात का समर्थन कर बोली कंगना.....

### बटेंगे तो कटेंगे

**लखनऊ ।**

सांसद कंगना रनौत आजकल अपने बयान को लेकर चर्चा में हैं। आरक्षण को लेकर देशभर में जारी बहस के बीच कंगना ने अपनी राय रखी है। एक इंटरव्यू में कंगना ने कहा है कि जातिगत जनगणना को लेकर मेरी वहीं राय है, जो योगीजी की है।

मंडी सीट से बीजेपी सांसद कंगना ने कहा,आरक्षण को लेकर मेरा वही स्टैंड है, जो सीएम योगी ने कहा था कि साथ रहेंगे तो नेक रहेंगे और बटेंगे तो कटेंगे। बॉलिवुड इंडस्ट्री पर कंगना ने कहा,हमें पता ही नहीं है कि कौन से अभिनेता की क्या जाति है।

मेरे आसपास के लोगों की जात का कुछ पता नहीं है।

जब आज तक पता नहीं किया, तब अब क्यों पता करना है। प्रधानमंत्री ने कहा है कि गरीब, किसान और महिलाएं ही 3 जातियां हैं। इसके अलावा चौथी कोई जाति नहीं होनी चाहिए।

कंगना ने जातिगत जनगणना के बारे में कहा, देखिए अगर हमें विकसित भारत की तरफ जाना है, तब गरीब, महिला और किसानों की बात होनी चाहिए। लेकिन अगर हमें देश को जलाना है, नफरत करना है या फिर एक-दूसरे से लड़ना-मरना है, तब जाति की गणना होनी चाहिए। बीते दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

ने जन्माष्टमी पर्व के दौरान कहा था, राष्ट्र से ऊपर कुछ भी नहीं हो सकता। और राष्ट्र तभी सशक्त होगा जब हम एकजुट हो।

## राहुल गांधी को चुनाव लड़ने कांग्रेस ने दिए 70 लाख रुपये

### -दोनों सीट पर बराबर खर्च किए

**नई दिल्ली**

हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में उम्मीदवारों द्वारा खर्च का ब्यौरा सभी पार्टियों ने चुनाव आयोग को सौंपा है। कांग्रेस ने भी अपने उम्मीदवारों पर चुनाव में खर्चे किए गए पैसों का विवरण सौंपा है। चुनाव आयोग की साइट के अनुसार, राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान 1 करोड़ 40 लाख रुपये खर्च किए। राहुल गांधी ने दो जगहों, केरल के वायनाड और उत्तर प्रदेश के रायबरेली से चुनाव लड़ा था। पार्टी ने उन्हें प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र के लिए 70 लाख रुपये दिया था, जिनका उन्होंने दोनों सीटों पर बराबर खर्चे किया। राहुल ने दोनों पर जीत हासिल की थी। हालांकि उन्होंने रायबरेली सीट अपने पास रखा। चुनाव आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किए गए 'खर्च का विवरण' के अनुसार कांग्रेस ने करीब सभी नेताओं को चुनाव लड़ने के लिए 70 लाख रुपये दिए थे। कांग्रेस के जिन नेताओं को 70 लाख से अधिक रुपये दिए थे, उसमें मंडी लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले नेता विक्रमादित्य सिंह शामिल हैं। सिंह को कांग्रेस से 87 लाख रुपए मिले और वे चुनाव हार गए थे। वहीं, असम के धुबरी से जीते रकीबुल हुसैन को पार्टी ने 75 लाख रुपए दिए थे। वहीं, वरिष्ठ कांग्रेस

नेता आनंद शर्मा और दिग्विजय सिंह, जो दोनों चुनाव हार गए, इन दोनों को क्रमशः 46 रुपए और 50 लाख रुपए मिले। चुनाव आयोग की वेबसाइट से पता चलता है कि ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस अपने 48 उम्मीदवारों को 75-75 लाख रुपए दिए थे। जबकि तामिलनाडु में डीएमके पार्टी ने अपने 22 उम्मीदवारों को चुनाव के लिए 70-70 लाख रुपए दिए थे। वहीं, समाजवादी पार्टी ने अपने प्रमुख अखिलेश यादव को 60 लाख रुपए दिए, जबकि उनकी पत्नी और मैनपुरी से सांसद डिंपल यादव को 72.15 लाख रुपए मिले। अयोध्या से जीत हासिल करने वाले सपा नेता अवधेश प्रसाद को 20 लाख रुपए मिले।

भारतीय जनता पार्टी का विवरण अभी तक अपलोड नहीं किया गया है।

## हैलो! आपके पिता का एक्सिडेंट हो गया है जल्द 50 हजार ट्रांसफर कर दें

### दिल्ली में महिला से ऑनलाइन ठगी, पुलिस जांच में जुटी

**नई दिल्ली.।**

हैलो! आपके पिता का एक्सिडेंट हो गया है। सिर में भारी चोट लगी है, जिन्हे अस्पताल में भर्ती कराया गया है जिसके इलाज के लिए आप तुरंत 50 हजार रुपए ट्रांसफर कर दें।

पिता का सुनते ही महिला घबरा गईं और उसने 45 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद फिर रकम ट्रांसफर करने को कहा गया, जो ट्रांजैक्शन फेल होने की वजह से नहीं जा सके। महिला को अहसास हुआ कि यहीं यह ठग तो नहीं उसने नैशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। नॉर्थ ईस्ट साइबर थाना पुलिस ने शुरुआती जांच के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया है।पुलिस के मुताबिक महिला परिवार समेत दिल्ली के गोकुलपुरी इलाके में रहती हैं। यमुना विहार स्थित एक्सिस बैंक में उनका खाता है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि दोपहर को एक कॉल आया। दूसरी तरफ से बोल रहे शख्स ने कहा कि आपके पिता एक अस्पताल में भर्ती हैं, जिनका एक्सिडेंट हो गया है।

सिर पर गंभीर चोट लगी है, जिनका ऑपरेशन किया जाना है। इसलिए 50 हजार रुपए ट्रांसफर करने को कहने कहा। महिला को पैसे भेजने टेक्स्ट मेसेज भी किए गए। इससे महिला टेंशन में आ गई और बताए गए फोन नंबर पर 45 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए।कॉलर ने फिर से 40 हजार रुपए मांगे।

महिला ने दूसरे बताए नंबर पर ट्रांसफर करने की कोशिश की, जो नहीं हो पाए।

महिला को ठगी का अहसास हुआ तो एक्सिस बैंक के कस्टमर के यर नंबर पर कॉल किया, जिसके बाद दोनों ट्रांजैक्शन से भेजे गए रुपए वापस उनके खाते में दिखा रहा था। लेकिन पैसे फिर भी वापस नहीं आए। पेटीएम कस्टमर केयर में शिकायत की गई, जिससे पता चला कि तीन नंबरों से आम लोगों से ठगी की जा रही है। आशंका है कि इस गैंग ने कई और लोगों को अपना शिकार बनाया है।

पुलिस बैंक खातों और फोन नंबरों को खंगाल रही है।

## आज बांग्लादेशी घुसपैठ के कारण आदिवासियों का अस्तित्व खतरे में : चंपाई

**रांची ।**

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और जेएमएम नेता चंपाई सोरेन भाजपा में शामिल हो गए। चंपाई जिस जाति और क्षेत्र से आते हैं, वहां 2019 के चुनाव में बीजेपी अपनी पैठ नहीं बना सकी थी। इसके बाद चंपाई के बीजेपी में आने से करीब 14 सीटों पर बीजेपी की पहुंच मजबूत हो सकती है। चंपाई ने कहा है कि आज राज्य में आदिवासियों का अस्तित्व खतरे में है। उन्होने आरोप लगाया कि जेएमएम में ऐसा कोई मंच नहीं है, जहां कोई पार्टी नेता या कार्यकर्ता अपना दर्द/व्यथा साझा कर सके। हेमंत सोरेन पर निशाना साधकर चंपाई ने कहा, 5 साल से राष्ट्रीय अधिवेशन नहीं बुलाया गया। झामुमो सुप्रीमो (शिबू सोरेन) की तबीयत खराब है। वे बोल नहीं सकते। कोई भी उनकी चिंता साझा नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि वे किसी चुनौती से नहीं डरते और उन्हें अपने लिए भारी समर्थन दिख रहा है। चंपाई ने कहा कि मैंने शिबू सोरेन के साथ मिलकर झामुमो को मजबूत करने में एक-एक ईंट जोड़ी है, लेकिन अब झामुमो को आदिवासियों की परवाह नहीं रह गई है।

उन्होंने कहा, मैं फायदे या नुकसान के बारे में नहीं सोचता हूं।उन्होंने कहा, जेएमएम में मेरा बहुत अपमान हुआ। जिस तरह से मेरे साथ घटनाक्रम होते गया वहां मुझे आहत कर गया। पांच साल में एक भी बार पार्टी का अधिवेशन नहीं बुलाया गया। किसी को नहीं पता कि कौन क्या है और किस भूमिका में है। हम यहां गुरुजी (शिबू) के बाद सबसे सीनियर नेता है। पहले सोचा कि हम संन्यास ही ले, लेकिन जनता-कार्यकर्ताओं की हमारे प्रति जो सोच दिखी उसकी वजह से हमें यह (बीजेपी में शामिल) करना पड़ा। चंपाई ने कहा, अब सक्रिय राजनीति करुंगा, या कोई दल बनाएंगे या फिर किसी दल में शामिल होना हैं, लेकिन 8 अगस्त के बाद

18 के बीच में हमसे संपर्क किया गया। उसके बाद हमने सोचा कि झारखंड के वर्तमान हालातों को देखकर भाजपा से बेहतर कोई पार्टी नहीं है, जिसमें हम अपनी बात को रख सकते हैं।

यहां के आदिवासी का अस्तित्व संकट आ गया है। बांग्लादेशी घुसपैठ की वजह से संकट बढ़ गया है। इसलिए हमने देश के पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह पर विश्वास जताया।

## भूपेंद्र हुड्डा पर ईडी का शिकंजा, मनी लॉन्ड्रिंग मामले में करोड़ों की संपत्ति जब्त

**चंडीगढ़,।**

ईडी ने हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा और एमार और एमजीएफ डेवलपमेंट्स लिमिटेड सहित अन्य लोगों से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गुरुग्राम और दिल्ली के 20 गांवों में स्थित 834 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त कर ली है। ईडी ने कहा कि वित्तीय जांच एजेंसी ने 401.65479 एकड़ में फैली और 834.03 करोड़ रुपए कीमत की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त कर लिया है, जो एमार इंडिया लिमिटेड (501.13 करोड़) और एमजीएफ डेवलपमेंट्स लिमिटेड (332.69 करोड़ रुपए) से संबंधित है।ईमार और एमजीएफ डेवलपमेंट्स दोनों की गुरुग्राम के सेक्टर 65 और 66 में आवासीय प्लॉट वाली कॉलोनी के लिए नगर और ग्राम आयोजना विभाग (डीटीसीपी) से 11 नवंबर, 2010 को प्राप्त लाइसेंस के संबंध में मनी लॉन्ड्रिंग के लिए जांच की जा रही है। ईडी ने हरियाणा के तत्कालीन सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा, तत्कालीन निदेशक डीटीसीपी, त्रिलोक चंद गुप्ता, एमार एमजीएफ लैंड लिमिटेड और 14 अन्य कॉलोनाइजर कंपनियों के खिलाफ सीबीआई द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की है।

### संक्षिप्त समाचार

## हरियाणा में तीसरी बार सत्ता में आएगी बीजेपी

**नई दिल्ली ।** हरियाणा में जल्द विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इस बीच बीजेपी हरियाणा अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी तीसरी बार राज्य में सरकार बनाने जा रही हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जहां से चुनाव मैदान में उतरने वाले हैं, उसपर फैसला हो गया है। हरियाणा बीजेपी अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि सीएम सैनी सूबे की लाडवा सीट से विधानसभा चुनाव लड़ने वाले है। उन्होंने कहा कि गुरुवार को सीईसी की बैठक में राज्य की सभी 90 सीटों पर चर्चा की गई। इस बैठक में कुछ नामों को शॉर्टलिस्ट किया गया। अगले दो दिनों में एक और बैठक होगी, जिसमें फैसला होगा। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने कहा कि वे विधानसभा चुनाव नहीं लड़ रहे है। इसके पहले बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर विधानसभा चुनाव की तारीख बढ़ाने की मांग की थी।

## आधार में उम्र बदलकर युवा ले रहे हैं बुजुर्गों की पेंशन का लाभ

**नागौर ।** आधार में संशोधन करने का ऑप्शन खोल दिया गया है। उसका बड़े पैमाने पर दुरुपयोग किया जा रहा है। हाल ही में एक मामला सामने आया है। जिसमें युवाओं ने आधार में अपनी उम्र बदलकर 60 वर्ष के ऊपर की डाल दी है। उसके बाद वह बुजुर्गों की पेंशन का लाभ ले रहे हैं।नागौर जिले की 15 ग्राम पंचायतों के 674 युवा हर माह केंद्र एवं राज्य सरकार की पेंशन ले रहे हैं। केंद्र और राज्य सरकार को हर माह 7,41,000 रुपए पेंशन घोटाले में शासन के खजाने से धोखाधड़ी करके निकल जा रहे हैं।कहा जा रहा है कि पूरे प्रदेश में इस मामले की जांच कराई जाए, तो हर माह करोड़ों रुपए का घोटाला प्रदेश में हो रहा है।कम उम्र के लोग बुजुर्ग पेंशन का लाभ उठा रहे हैं।पिछले कई वर्षों से यह धोखाधड़ी सुंयोजित रूप से की जा रही है। फर्जी आधार कार्ड बनाए जाने का मामले भी सामने आ रहे हैं।इसमें कई विकास अधिकारी और जिला परिषद के अधिकारी भी शामिल हैं।

## जमशेदपुर में रेल की पटरियों पर धरने पर बैठे यात्री

**धनबाद ।** हावड़ा-मुंबई मार्ग में ट्रेनों का परिचालन शुक्रवार सुबह पूरी तरह से रोक दिया गया है। यात्रियों का आरोप है कि डेली पैसेंजर व मेमू ट्रेन को रोककर हर दिन मालगाड़ी को पहले निकाला जाता है, जिससे उन्हें रोज ही काम पर जाने में देरी हो जाती है। इसको लेकर शुक्रवार सुबह इसकी पुनावृत्ति होने से नाराज झारग्राम-धनबाद मेमू के यात्री गोविंदपुर हाल्ट को जाम कर ट्रेन के आगे ही धरने पर बैठ गए हैं। जमशेदपुर व आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र हैं, जहां नियमिति रूप से कच्चे व तैयार माल की आवाजाही कंपनियों में होती रहती है। जिसके कारण आए दिन डेली पैसेंजर ट्रेन का परिचालन बाधित होता है। शुक्रवार को तब हद हो गई जब मेमू ट्रेन को रोक कर एक-एक कर तीन मालगाड़ियों को पास दे दिया गया। इससे नाराज होकर यात्री, जिनकी ड्यूटी छूट गई, वे गोविंदपुर हाल्ट स्टेशन में उतर कर ट्रेन के आगे धरने पर बैठ गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे के वरीय अधिकारी मौके पर पहुंचे और यात्रियों को उच्च अे धिको रियों से बातचीत करने का आश्वासन दिया।

## असम विधानसभा में जुम्मा ब्रेक बंद.....सीएम सरमा ने जाहिर की खुशी

**गुवाहाटी ।** असम के विधानसभा के कर्मचारियों को 2 घंटे के जुम्मे की नमाज की छुट्टी पर रोक लगा दी है। अब विधानसभा के कर्मचारियों को ये ब्रेक नहीं मिलेगा। इस प्रथा की शुरुआत मुस्लिम लीग के सैयद सादुल्ला ने 1937 में की थी। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने ट्वीट कर विधानसभा के अध्यक्ष का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि इस फैसले के जरिए असम विधानसभा ने उत्पादकता को प्राथमिकता दी है और औपनिवेशिक बोझ के एक और निशान को हटा दिया है।

## स्पाइसजेट फिर डीजीसीए के निगरानी दायरे में

**मुंबई ।** विमानन नियामक डीजीसीए ने संकटग्रस्त स्पाइसजेट को अधिक निगरानी के दायरे में रखने का फैसला किया। इसके तहत एयरलाइन के परिचालन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मौके पर जांच और रात्रि निगरानी बढ़ेगी। स्पाइसजेट द्वारा उड़ानें रद्द करने और वित्तीय दिक्कतों का सामना किए जाने की रिपोर्टों के आधार पर, डीजीसीए ने कहा कि उसने सात और आठ अगस्त को एयरलाइन की इंजीनियरिंग सुविधाओं का विशेष ऑडिट किया और इसमें कुछ कमियां पाई गईं। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने कहा, पिछले रिकॉर्ड और अगस्त 2024 में किए गए विशेष ऑडिट के मद्देनजर, स्पाइसजेट को फिर तत्काल प्रभाव से निगरानी के दायरे में रखा गया है।'' डीजीसीए ने कहा, ''इससे परिचालन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मौके पर जांच एवं रात्रि निगरानी की संख्या में वृद्धि होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### भूकंप के झटकों से दहला अल साल्वाडोर, 6.1 रही तीव्रता

**अल साल्वाडोर , एजेंसी।** अल साल्वाडोर में बुधवार दोपहर 6.1 तीव्रता का भूकंप आया। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। बहरहाल, इस दौरान जान-माल का नुकसान होने की अभी तक कोई खबर नहीं मिली है। साल्वाडोर के राष्ट्रपति नायिब बुकेले ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर लिखा कि ला लिबर्टाड के पश्चिमी क्षेत्र के तट से 60 किलोमीटर दूर आए भूकंप ने अल साल्वाडोर के अधिकतर हिस्से को हिलाकर रख दिया। भूकंप बाद के दो झटके महसूस किए गए, जिनकी तीव्रता 4.1 और 4.5 थी। पड़ोसी देश ग्वाटेमाला में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। बुकेले द्वारा साझा की गई रिपोर्ट के अनुसार, भूकंप के बाद सुनामी का कोई खतरा नहीं था।

### मिडल्सबरो दंगों में 11 साल के बच्चे की गिरफ्तारी, पुलिस ने 14 और लोगों को हिरासत में लिया

**मिडल्सबरो, एजेंसी।** मिडल्सबरो में हुए दंगों के दौरान पुलिस ने 11 साल के एक बच्चे को गिरफ्तार किया है। क्लिवलैंड पुलिस के अनुसार, रविवार, 4 अगस्त को दंगों से जुड़े मामलों में 14 और लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने कहा, आज सुबह, हमारी टीमों ने उन लोगों को पकड़ने के लिए विशेष कार्रवाई की जो दंगों में शामिल थे। गिरफ्तार किए गए लोगों की उम्र 11 साल से लेकर 43 साल तक की है। 11 साल का बच्चा इस दंगे में गिरफ्तार होने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्तियों में से एक है। यह दंगा साउथपोर्ट में चाकू से हमले की घटनाओं के बाद हुआ था। बल ने बताया कि उन्होंने इस महीने की शुरुआत में हार्टलपूल और मिडिल्सब्रो में अशांति के बाद अब तक 110 लोगों को गिरफ्तार किया है।

### पाकिस्तान में भुखमरी, 41 फीसदी महिलाएं एनीमिया से पीड़ित, प्रसव में ही मर रही औरतें

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान की एनीमिया पीड़ित महिलाओं में से 14.4प्रतिशत का वजन कम है और 24प्रतिशत का अधिक। मातृ पोषण इतना अपर्याप्त है कि 1 लाख जीवित प्रसव में से 186 महिलाएं मर जाती हैं। यानी जो देश आने वाली पीढ़ी के लिए महिलाओं की रक्षा नहीं कर पा रहा वह पड़ोसी देशों से कई साल तक जंग का ख्याल पाले बैठा है। डॉन अखबार की रिपोर्ट में बताया गया कि देश में घटिया स्तनपान के कारण हर साल स्तन और डिम्बग्रंथि के कैंसर से 2,000 और टाइप टू मधुमेह से 1,100 मातृ मृत्यु होती हैं। पाकिस्तान में हर साल कम वजन के जन्म के 14 लाख केस भी सामने आते हैं। एजेंसी इससे पहले, पाकिस्तान नेशनल क्लस्टर की रिपोर्टों ने गंभीर कुपोषण संकट को उजागर किया है, जो लाखों पाकिस्तानियों, विशेष रूप से बच्चों की पोषण स्थिति की भयावह तस्वीर पेश करता है। रिपोर्ट इस बात को रेखांकित करती है कि पाकिस्तान अपने इतिहास में कुपोषण की सबसे अधिक दरों का सामना कर रहा है, जो आर्थिक कठिनाई, खाद्य असुरक्षा, सीमित स्वास्थ्य देखभाल और जलवायु और पर्यावरणीय चुनौतियों जैसे कारकों से प्रेरित है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान में स्थिति काफी गंभीर है। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान में हर साल गर्भवती माताओं में एनीमिया के 9,18,154 मामले आते हैं। आठ दक्षिण एशियाई देशों में महिलाओं में एनीमिया के मामले में यह देश चौथे स्थान पर है और 201 देशों में वैश्विक स्तर पर 35वें स्थान पर। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान को कुपोषण के कारण सालाना 17 अरब डॉलर का नुकसान होता है। पाकिस्तान में अपर्याप्त स्तनपान के कारण 28 अरब डॉलर का आर्थिक बोझ पड़ता है। यह डायरिया के 69 लाख मामलों, बचपन में मोटापे के 19,000 मामलों, डायरिया और निमोनिया से 30,525 बच्चों की मौत और स्तन व डिम्बग्रंथि के कैंसर तथा टाइप टू मधुमेह से 3,196 माताओं की मृत्यु के कारण होता है।

### मेघन मर्केल को अपने लाइफस्टाइल ब्रांड के लिए नहीं मिल रहे कर्मचारी

**लंदन, एजेंसी।** प्रिंस हैरी की पत्नी मेघन मर्केल ने जब एलान किया था कि वह अपना खुद का लाइफस्टाइल ब्रांड लॉन्च कर रही हैं, तब उन्हें चाहने वाले उत्साहित हो गए थे। हालांकि, अब यह सभी बेसब्री से ब्रांड के लॉन्च होने का इंतजार कर रहे हैं। मगर जानकारी सामने आ रही है कि मार्कल को काम करने के लिए लोग नहीं मिल रहे हैं। कहा जा रहा है कि यहां तक कि कोई सीईओ तक नहीं मिल रहा है। बता दें, 14 मार्च को सोशल मीडिया पर मर्केल तब छा गई थीं, जब उन्होंने अपने नए ब्रांड का टीजर जारी किया था। उन्होंने लाइफस्टाइल और किचन ब्रांड का नाम अपने समुद्र किनारे कैलिफोर्निया के घर के नाम अमेरिकन रिवेरा ऑर्चर्ड पर रखा है। एक सूत्र का दावा है कि 43 साल की मेघन मर्केल को सीईओ ढूंढने में समस्या आ रही है। इसलिए ही ब्रांड के लॉन्च में देरी हो रही है। एक ने कहा कि संख्याएं कभी झूठ नहीं बोलती हैं और 20 कर्मचारियों का इस्तीफा देना खुद में एक कहानी बताता है। यहां तक कि एक स्टार्टअप के लिए भी यह चौंकाने वाला है। अंदरूनी सूत्र ने बताया, सबसे भयानक सच यह है कि हैरी और मेघन के साथ काम करना काफी कठिन है। वह लोगों से बहुत अधिक काम की मांग करते हैं और यह करना मुश्किल है। वह लोगों के कंधे पर अधिक बोझ डाल देते हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, प्रिंस हैरी और मेघन मर्केल के नए चीफ ऑफ स्टाफ ने सिर्फ तीन महीने बाद इस्तीफा दे दिया था। वहीं, ड्यूक और डचेस ऑफ ससेक्स ने मई में नाइजीरिया की अपनी तीन दिवसीय यात्रा से ठीक पहले एक अनुभवी जनसंपर्क विशेषज्ञ जोश केटलर को नियुक्त किया था। हालांकि, कुछ हफ्ते पहले यह खुलासा हुआ था कि केटलर अब मर्केल के लिए काम नहीं करते हैं।

# मालदीव की पुलिस बोली- वित्तीय तख्तापलट में शामिल लोगों की कर रहे पहचान, करेंगे कार्रवाई

**माले, एजेंसी।** मालदीव की पुलिस ने बुधवार को कहा कि वे कथित वित्तीय तख्तापलट में शामिल लोगों की पहचान कर रहे हैं। राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने दो दिन पहले विपक्ष पर आरोप लगाया था कि वे सरकार को गिराने की कोशिश कर रहे हैं। देश के राष्ट्रीय बैंक ने विदेशी लेन-देन पर रोक लगाने का फैसला किया था।

बैंक ऑफ मालदीव (बीएमएल) ने रविवार को पुराने क्रेडिट कार्ड और नए डेटिब व क्रेडिट कार्ड के लिए विदेशी लेन-देन को रोक दिया था। साथ ही, क्रेडिट कार्ड की सीमा को 100 अमेरिकी डॉलर तक घटा था। हालांकि, कुछ ही घंटों में यह फैसला पलट दिया गया। बैंक ने कहा था कि यह कदम मालदीव के मुद्रा प्राधिकरण (एमएमए) के निर्देशों पर उठाया गया।

सन न्यूज पोर्टल के मुताबिक, पुलिस ने सोमवार को एक आपराधिक जांच शुरू की है। आरोप है कि विपक्ष ने राष्ट्रपति मुइज्जू की सरकार को अस्थिर करने का प्रयास किया। पुलिस का कहना है कि विपक्ष ने वित्तीय संकट के डर को बढ़ाने के लिए लोगों को सड़कों पर उतारने की कोशिश की। एक बयान में पुलिस ने कहा कि वे सभी जरूरी जानकारी एकत्र कर रहे हैं और जांच के लिए जरूरी सभी पहलुओं की विस्तृत समीक्षा कर रहे हैं।

पुलिस ने कहा, हम उन लोगों की पहचान कर रहे हैं, जिनके खिलाफ कार्रवाई की जरूरत पड़ सकती है। हम जांच से जुड़े सभी पहलुओं को पूरा कर रहे हैं। राष्ट्रपति

मुइज्जू ने सोमवार की रात पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीएनसी) की बैठक में कहा था कि जैसे ही उन्होंने इस स्थिति के बारे में सुना तो उन्होंने और उनके मंत्रियों ने इसका समाधान ढूंढने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि बैंक का यह फैसला उनके सुझाव के खिलाफ था। उन्होंने कहा था कि कई लोगों ने सवाल उठाया है कि एक ऐसे बैंक जिसमें सरकार बहुमत हो, उसने सरकार की सलाह के खिलाफ ऐसा फैसला क्यों लिया। हालांकि, ज्यादातर लोगों को पता नहीं है अभी बीएमएल के निदेशकों के बोर्ड में सरकार का बहुमत नहीं है। मुइज्जू को चीन समर्थक नेता माना जाता है। उन्होंने पिछले साल नवंबर में राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी। उन्होंने कहा था, अभी बीएमएल में केवल चार सरकारी निदेशक हैं। बाकी पांच निदेशक सरकार से जुड़े नहीं है। इसलिए, हमारे पास अभी बहुमत नहीं है। हमने दो निदेशकों को नामित किया है, लेकिन उन्हें मौजूदा प्रक्रिया के जरिए नियुक्ति होने में कुछ हफ्ते लगेंगे। हालांकि, अध्यक्ष की अभी तक नियुक्ति नहीं हुई है। लेकिन नाम भेजा जा चुका है।

उन्होंने कहा, हालांकि निजी निदेशकों में से चंपा मोहम्मद मूसा और हुसैन अफीफ ने बहुत मदद की। उनकी मदद और उनके अन्य निदेशकों से बात करने की वजह से और हमारे मंत्रिमंडल की सुबह से की गई मेहनत के चलते, हम शाम तक (बीएमएल) फैसले को बदलने में सफल हो गए। सत्ताधारी पीएनसी पार्टी के प्रमुख मुइज्जू ने आरोप लगाया कि यह एक सोची-समझी साजिश थी। उन्होंने कहा कि पुलिस ने अब इस मामले की जांच शुरू कर दी है। उन्होंने कहा, यहां जो हुआ, उस पर सोचने से कोई भी समझदार व्यक्ति लिंक जोड़ सकता है। जैसा कि शियाम ने कहा कि यह निसंदेह एक अर्थव्यवस्था को पटरी से उतारने का प्रयास था

### जापान में तूफान शानशान ने मचाया कोहराम, तीन लोगों की मौत

**टोक्यो, एजेंसी।** जापान के दक्षिण-पश्चिमी द्वीप क्यूशू पर तूफान शानशान ने दस्तक दे दी है। इसके कारण भारी बारिश और तेज हवाएं चल रही है। वहीं, घरों की छतें उड़ गईं, खिड़कियां टूट गईं और जगह-जगह पेड़ गिरे हुए नजर आए। वहीं, अधिकारियों ने हजारों लोगों को जगह खाली करने की सलाह दी। मौसम विभाग ने बताया कि शक्तिशाली तूफान सुबह करीब आठ बजे टकराया। यह 252 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आगे बढ़ रहा था। वहीं, कागोशिमा प्रान्त के अधिकांश हिस्सों में विशेष तूफान की चेतावनी जारी की गई है। इसके कारण सार्वजनिक परिवहन संचालकों ने रेलगाड़ियां और उड़ानें रद्द कर दी गई है। तूफान उत्तर दिशा की ओर बढ़ रहा है। क्यूशू के बिजली विभाग ने बताया कि 2,54,610 घरों में बिजली गुल है। जापान मौसम विज्ञान कार्यालय ने कहा कि कागोशिमा में खतरनाक तूफान और ऊंची लहरों की विशेष चेतावनी जारी की जा रही है। तूफान, तेज हवा और ऊंची लहरों के साथ-साथ भूस्खलन, निचले इलाकों में बाढ़ और दक्षिणी क्यूशू में उफनती नदियों को देखते हुए अधिक सतर्कता बरतें। मौसम विभाग ने आगे कहा कि कृपया यह भी सलाह दी जाती है कि शुक्रवार के पास आते ही पश्चिमी जापान में भारी बारिश के कारण आपदा का खतरा तेजी से बढ़ सकता है।

### ऑस्ट्रेलिया में पाकिस्तानी मूल के शख्स को 17 साल की जेल की सजा

**मेलबर्न, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया में पाकिस्तानी मूल के शख्स की एक घिनौनी करतूत सामने आई है। यहां की एक अदालत ने इसे सबसे जघन्य ऑनलाइन बाल यौन शोषण मामला बताते हुए पाक मूल के व्यक्ति को 17 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। इस शख्स ने देश-विदेश में सैकड़ों पीड़ितों को निशाना बनाया था। वह खुद को एक 15 वर्षीय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर बताकर लोगों को गुमराह करता था जिसके बड़ी संख्या में फॉलोअर्स हैं। 29 साल के मुहम्मद जैन उल अबिदीन रशीद ने 119 आरोपों में दोषी होने की बात कबूली है जो यूके, यूएस, जापान और फ्रांस सहित 20 देशों के 286 लोगों से जुड़े हुए हैं। बीबीसी न्यूज की एक रिपोर्ट के मुताबिक उसने दो-तिहाई 16 साल से कम उम्र की लड़कियों को निशाना बनाया था। पर्थ की एक अदालत में बताया गया कि रशीद ने उन बच्चियों को उनकी आपत्तिजनक तस्वीरें उनके परिवार वालों को भेजने की धमकी देकर उनके साथ शोषण करता रहा। उसने एक यूट्यूब स्टार होने का नाटक किया और बच्चों को पालतू जानवरों या दूसरे छोटे भाई-बहनों के साथ सेक्सुअल एक्ट करने के लिए ब्लैकमेल किया। जज अमांडा बरोज ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में इससे पहले मुझे ऐसा कोई मामला नहीं मिला। कोर्ट ने कहा कि यह हद है कि रशीद ने अपने साथियों के साथ पीड़ितों के साथ घिनौना काम किया और लोगों को बच्चों द्वारा किए जा रहे सेक्सुअल एक्ट की लाइव स्ट्रीम देखने के लिए बुलाया करता था। ऑस्ट्रेलियाई पुलिस के सहायक आयुक्त डेविड मैकलीन ने बताया, इस शख्स ने जो काम किया है वह ऑस्ट्रेलिया में सबसे भयानक सेक्सटॉर्शन मामलों में से एक है। इस प्रकार का ऑनलाइन शोषण और दुर्व्यवहार भयानक है और यह किसी की पूरी जिंदगी बर्बाद कर देता है। रशीद पहले से ही एक अलग अपराध के लिए पांच साल की सजा काट रहा है।

### रूस ने अमेरिकियों पर कसा शिकंजा, पत्रकारों सहित 92 और विशेष नागरिकों का प्रवेश किया बैन

**मॉस्को, एजेंसी।** रूस के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को ऐलान किया कि 92 और अमेरिकी नागरिकों का देश में प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया है। इनमें पूर्व में रूस में काम कर चुके कुछ पत्रकार, अधिकारी और कुछ व्यापारी शामिल हैं। रूसी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मॉस्को को रणनीतिक रूप से हराने के घोषित लक्ष्य के साथ बाइडेन प्रशासन द्वारा अपनाई गई रूस को अलग-थलग करने की नीति के जवाब में अमेरिकियों पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसमें कहा गया है कि रूस और रूस सैन्य बलों के बारे में झूठी खबरें तैयार करने और उनका प्रसार करने में शामिल अग्रणी तथाकथित उदार-वैश्विक प्रकाशनों का प्रतिनिधित्व करने वाले अमेरिकी पत्रकारों पर प्रतिबंध लगाया गया है। प्रतिबंधित अमेरिकियों की नयी सूची में अंग्रेजी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल की मुख्य संपादक एम्मा टकर सहित 11 वर्तमान और पूर्व पत्रकार शामिल हैं। टकर ने वॉल स्ट्रीट जर्नल के रिपोर्टर इवान गेर्शकोविच को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार करने और उनकी दोषसिद्धि के लिए रूस की बार-बार आलोचना की थी। इवान गेर्शकोविच ने 16 महीने सलाखों के पीछे बताए थे और वह अगस्त में कैदियों की अदला-बदली के तहत रिहा हुए थे। अमेरिकी समाचार पत्र न्यूयॉर्क टाइम्स के पांच पत्रकारों पर भी प्रतिबंध लगाया गया है।

# पावेल ड्यूरोव की कई देशों की नागरिकता ने बढ़ाया रहस्य, पांच देशों के नागरिक हैं टेलीग्राम के सीईओ

**पेरिस, एजेंसी।** मैसेजिंग ऐप टेलीग्राम के संस्थापक और सीईओ पावेल ड्यूरोव के खिलाफ फ्रांस की अदालत में आरोप तय किए गए हैं। ड्यूरोव गिरफ्तारी के बाद से ही पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बने हुए हैं। ड्यूरोव की चर्चा उनकी कई देशों का नागरिकता को लेकर भी हो रही है। गौरतलब है कि ड्यूरोव के पास एक-दो नहीं बल्कि पूरे पांच देशों की नागरिकता है। टेलीग्राम पर आरोप है कि इस प्लेटफॉर्म पर ड्रग तस्करों, मनी लॉन्ड्रिंग, उग्रवादी समूहों और बच्चों से संबंधित अश्लील कंटेंट को बढ़ावा दिया जाता है। इन्हीं मामलों में ड्यूरोव को शनिवार को फ्रांस में गिरफ्तार किया गया और बुधवार को उन पर आरोप तय कर उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। ड्यूरोव पांच देशों के नागिरक हैं ड्यूरोव के पास रूस, फ्रांस, संयुक्त अरब अमीरात, सेंट किट्स और नेविस की नागरिकता है। ड्यूरोव मूल रूप से रूस के निवासी हैं, लेकिन करीब एक दशक पहले ड्यूरोव ने रूस छोड़ दिया था। इसके बाद ड्यूरोव ने संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में रहने के लिए एक निवास वीजा हासिल किया। इसके बाद साल 2013 में ड्यूरोव ने कैरिबियाई देश सेंट किट्स और नेविस का पासपोर्ट हासिल किया। सेंट किट्स और नेविस अमीर लोगों के लिए कर स्वर्ग के रूप में जाने जाते हैं और इन दोनों देशों के पासपोर्ट्स से यूरोपीय देशों और ब्रिटेन की बिना वीजा यात्रा की



जा सकती है।

**फ्रांस के भी नागरिक हैं ड्यूरोव :** 2017 तक, डुरोव दुबई में पूर्णकालिक रूप से रह रहे थे, उनका टेलीग्राम कार्यालय भी दुबई मीडिया सिटी से संचालित हो रहा है। जब दुबई ने पावेल ड्यूरोव को नागरिकता दी थी तो उस वक्त ड्यूरोव की कुल संपत्ति 30 करोड़ डॉलर और 2000 बिटकॉइन थी। यह साफ नहीं हो पाया है कि यूएई ने ड्यूरोव को नागरिकता क्यों दी। अब जब फ्रांस में ड्यूरोव को गिरफ्तार किया गया, तो यूएई ने तुरंत फ्रांस की सरकार से ड्यूरोव को काउंसलर एक्सेस देने की मांग की थी। ड्यूरोव की फ्रांसीसी नागरिकता को लेकर सबसे ज्यादा रहस्य है। ड्यूरोव ने आधिकारिक तौर पर साल 2021 में फ्रांस की नागरिकता ली थी और मई 2022 में ड्यूरोव ने अपना नाम बदलकर फ्रेंच भाषा में पॉल डुरोव कर लिया था।

हालांकि बाद में जब टेलीग्राम पर आपराधिक आरोप लगे तो ड्यूरोव फ्रांस से निकल गए। हालांकि इसे लेकर अभी भी असमंजस है कि जब ड्यूरोव को पता था कि उनके खिलाफ वहां गिरफ्तारी वारंट जारी है तो फिर भी ड्यूरोव ने पेरिस जाने का खतरा क्यों उठाया?

# पाकिस्तान में पांच फीसदी महिलाओं तक को प्रत्याशी नहीं बना पा रहे राजनीतिक दल, चुनाव आयोग ने किया तलब

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान चुनाव आयोग ने आठ फरवरी को देश में हुए आम चुनावों में पांच फीसदी महिलाओं को प्रत्याशी न बनाने पर राजनीतिक दलों को तलब किया है। आयोग ने चार सितंबर को राजनीतिक दलों के नेताओं को पेश होकर जवाब दाखिल करने के लिए कहा है। पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने कानून का पालन न करने पर जमात-ए-इस्लामी (जेआई), अवामी नेशनल पार्टी (एएनपी), बलूचिस्तान नेशनल पार्टी (बीएनपी), तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) समेत 10 अन्य पार्टियों के प्रमुखों को नोटिस जारी किया है। पाकिस्तान में चुनाव अधिनियम की धारा 206 के तहत आम चुनाव और प्रांतीय विधानसभा चुनावों में सामान्य सीटों पर कम से कम पांच फीसदी महिलाओं को प्रत्याशी बनाना राजनीतिक दलों के लिए जरूरी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आयोग ने इस मुद्दे को लेकर पार्टी के नेताओं को चार सितंबर को पेश होने के लिए कहा है। आठ फरवरी को देश में हुए चुनावों में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई)

पार्टी ने नेशनल असेंबली की 265 सीटों में से 93 पर जीत हासिल की थी। जबकि पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज ने 75 सीटें और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) 54 सीटों पर जीत प्राप्त की। बिलावल भुट्टो जरदारी की पीपीपी और अन्य छोटी पार्टियों के साथ गठबंधन सरकार बनाकर चार मार्च को शहबाज शरीफ ने दूसरी बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। इस गठबंधन में पीपीपी के अलावा मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट (एमक्यूएम-पी), पाकिस्तान मुस्लिम लीग (क्यू), बलूचिस्तान अवामी पार्टी, पाकिस्तान मुस्लिम लीग (जेड), इस्तेहकाम-ए-पाकिस्तान पार्टी और नेशनल पार्टी शामिल रही। इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) 8 फरवरी को हुए आम चुनाव में चुनाव चिन्ह पर नहीं लड़ सकी थी क्योंकि चुनाव आयोग ने पार्टी का चुनाव चिन्ह खारिज कर दिया था। जिसके बाद पीटीआई महिलाओं और अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित सीटों पर दावा नहीं कर सकी, जो आनुपातिक प्रतिनिधित्व के आधार पर राजनीतिक पार्टियों को दी जाती हैं।

# ब्राजील की शीर्ष कोर्ट एलन मस्क पर सख्त, कहा- कानूनी प्रतिनिधि नियुक्त करें, वरना एक्स पर रोक लगा देंगे

**ब्रासिलिया, एजेंसी।** ब्राजील की शीर्ष अदालत दिग्गज कारोबारी एलन मस्क पर सख्त हो गई है। दरअसल, कोर्ट ने सोशल मीडिया मंच एक्स के लिए एक कानूनी प्रतिनिधि नियुक्त करने को कहा है। साथ ही ऐसा न करने पर देशभर में एक्स को बैन करने की धमकी दी है।

**24 घंटे का दिया समय :** सुप्रीम कोर्ट ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट साझा कर कहा, शीर्ष अदालत के जज एलेक्जेंड्रे डी मोरेस ने बुधवार रात को मस्क और उनके सोशल मीडिया मंच एक्स को एक समन जारी किया है। उन्हें 24 घंटे के भीतर ब्राजील में कंपनी के नए कानूनी प्रतिनिधि को नियुक्त करने कहा है। अदालत ने चेतावनी दी कि आदेश का पालन नहीं करने पर ब्राजील में सोशल नेटवर्क के संचालन को प्रतिबंधित कर दिया जाएगा।

**यह है मामला :** गौरतलब है, मस्क के खिलाफ न्याय में बाधा डालने, आपराधिक संगठन और अपराध के लिए उकसाने के आरोपों को लेकर जांच चल रही है। इस साल की शुरुआत में जज एलेक्जेंड्रे डी मोरेस ने एक्स के कुछ अकाउंट को गलत सूचना और नफरत भरे संदेश फैलाने के आरोप में ब्लॉक करने का आदेश दिया था। इसमें ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सनारो के समर्थकों से संबंधित

कुछ खाते भी शामिल थे।

**मस्क का फूटा था गुस्सा :** हालांकि, एलन मस्क की कंपनी एक्स ने हाल ही में ब्राजील में अपना संचालन तुरंत बंद करने की घोषणा की थी। कंपनी का कहना था कि यह कदम उसके कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए उठाया गया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने आरोप लगाया था कि एक ब्राजीलियाई जज ने उसके एक कानूनी प्रतिनिधि को मंच से कुछ सामग्री हटाने के कानूनी आदेशों का पालन नहीं करने पर जेल भेजने की धमकी दी थी। हालांकि, कंपनी ने यह भी स्पष्ट किया है कि एक्स की सेवाएं देश में जारी रहेंगी।

एक्स ने एक बयान में कहा था, कल रात, एलेक्जेंड्रे डी मोरेस ने धमकी दी कि अगर हम ब्राजील में हमारे कानूनी प्रतिनिधि को दिए गए सेंसरशिप आदेशों का पालन नहीं करते हैं, तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। हम उनके कृत्यों को उजागर करने के लिए यहां साझा कर रहे हैं।

कंपनी ने आगे कहा था कि मोरेस ने कानून या उचित प्रक्रिया का पालन करने के बजाय ब्राजील में उनके कर्मचारियों को डराने का विकल्प चुना। इसलिए, अपने कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए, उन्होंने ब्राजील में अपना संचालन तुरंत बंद करने का फैसला किया है।

# चीन के सबसे बड़े भ्रष्टाचार मामले में कम्युनिस्ट पार्टी के पूर्व नेता दोषी, अदालत ने सुनाई मौत की सजा

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन के सबसे बड़े भ्रष्टाचार मामले में कम्युनिस्ट पार्टी के पूर्व नेता दोषी पाए गए हैं। उन्होंने 42 करोड़ अमेरिकी डॉलर का गबन किया है। मामले में इनर मंगोलिया की एक अदालत ने पूर्व नेता ली जियानपिंग को मौत की सजा सुनाई। चीनी समाचार पोर्टल कैक्सिन ग्लोबल की रिपोर्ट के मुताबिक ली जियानपिंग को इनर मंगोलिया की अदालत ने भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी, गबन और संगठित अपराध का दोषी माना। उन्होंने 42 करोड़ अमेरिकी डॉलर का गबन किया था, जो चीन के इतिहास में सबसे बड़ा गबन था। अदालत के फैसले के खिलाफ ली जियानपिंग ने हायर पीपुल्स कोर्ट में अपील की थी। मगर हायर पीपुल्स कोर्ट ने उनकी अपील खारिज कर दी। अदालत ने कहा कि अब फैसले को अंतिम परीक्षण और अनुमोदन के लिए सुप्रीम पीपुल्स कोर्ट में प्रस्तुत किया जाएगा। अदालत ने ली जियानपिंग को द्वेष, गंभीर सामाजिक प्रभाव और अपराधों की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए दोषी माना। बताया गया कि 64 वर्षीय ली कुछ साल पहले तक होहोट में एक विशेष आर्थिक क्षेत्र और शहर के जल प्रबंधन प्राधिकरण के प्रमुख थे। वह चीनी नौकरशाही में एक मध्य स्तर के स्थानीय अधिकारी थे। उनके भ्रष्ट आचरण और अभियोजन बड़े पैमाने पर जनता के राडार पर थे। 2018 के अंत तक उनके खिलाफ शिकायतें सामने आने लगी थीं। जब शिकायतों की जांच शुरू की गई तो बड़ा भ्रष्टाचार सामने आया। ली ने 2001 से कम्युनिस्ट पार्टी प्रमुख, होहोट जल प्राधिकरण के निदेशक और एक दशक बाद

होहोट आर्थिक और तकनीकी विकास क्षेत्र की पार्टी कार्य समिति के सचिव के रूप में काम किया। इस दौरान उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए निर्माण परियोजनाओं और व्यावसायिक अनुबंधों से लाभ के बदले में 578 मिलियन युआन (लगभग 8.3 करोड़ अमेरिकी डॉलर) इकट्ठे किए थे। उसने एक आपराधिक सिंडिकेट के नेता के साथ भी करीबी संपर्क बनाए रखा और संगठन की अवैध गतिविधियों को नजरअंदाज किया।

वह भ्रष्टाचार का दोषी पाए जाने के बाद मौत की सजा पाने वाले तीसरे नेता हैं। इससे पहले 2007 में चीन हुआरोंग एसेट मैनेजमेंट कंपनी के पूर्व अध्यक्ष लाई जियाओमिन और शांक्सी प्रांत में लुलियांग के पूर्व उप महापौर झांग झोंगशेंग को मौत की सजा सुनाई थी।

## संपादकीय

### हर भर्ती में भीड़

सरकारी नौकरी के प्रति लगाव का बढ़ते जाना जहां स्वाभाविक है, वहीं विचारणीय भी है। देश में अगर कहीं भी कोई सरकारी भर्ती निकल रही है, तो वहां युवाओं का हुजूम उमड़ पड़ रहा है। ताजा मिसाल, उत्तर प्रदेश से जुड़े आंकड़े हैं। उत्तर प्रदेश में करीब 60 हजार कांस्टेबल की भर्ती होनी है, पर उसके लिए 48 लाख से भी अधिक प्रार्थियों ने आवेदन कर रखा है। मोटे अनुमान के अनुसार, 80 में से मात्र एक को नौकरी नसीब होगी। फिर भी युवाओं को प्रयास करने का पूरा हक है और सभी को मौका भी मिलना चाहिए। उत्तर प्रदेश में जो भर्ती होने वाली है, उसमें राजस्थान, झारखंड, बिहार ही नहीं, मिजोरम तक के युवा भाग ले रहे हैं। मतलब, सरकारी नौकरी के प्रति हर जगह रुझान है। ऐसा भी नहीं है कि कांस्टेबल पद के लिए आवेदन करने वाले लाखों युवाओं में सभी बेरोजगार होंगे। निजी क्षेत्र में नौकरी कर रहे युवाओं ने भी आवेदन किया है, तो इसके पीछे उनकी यही सोच होगी कि सरकारी नौकरी उन्हें ज्यादा सुरक्षित करेगी। यह भीड़ संकेत है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को सरकारी नौकरी चाहिए। उत्तर भारत के राज्यों के आंकड़ों को अगर देखें, तो बेरोजगारी दर उतनी ज्यादा नहीं है, लेकिन जब सरकारी नौकरी मांगने वाले कहीं उमड़ते हैं, तो स्थिति भयावह नजर आने लगती है। ऐसा नहीं है कि केवल उत्तर भारत में सरकारी नौकरी के लिए भीड़ लग रही है। याद कीजिए, जुलाई के महीने में ही मुंबई एयरपोर्ट पर भगदड़ की स्थिति बन गई थी। एयरपोर्ट लोडर के 2,216 पद थे और जिसके लिए 25,000 से भी ज्यादा युवा उमड़ आए थे। धक्का-मुक्की ऐसी हुई थी कि एअर इंडिया के अधिकारियों को भी किसी हादसे की चिंता सताने लगी थी। उस नियुक्ति प्रक्रिया में भी अनेक राज्यों के नौजवान शामिल हुए थे। अतः बेरोजगारी की समस्या या अच्छी नौकरी की खोज हर राज्य के लिए चिंतन-मनन का विषय है, पर क्या राज्य सरकारें इस समस्या को पूरी गंभीरता से समझ रही हैं? राज्य सरकारों ने निजी क्षेत्र की नौकरियों को आकर्षक बनाने के लिए क्या किया है? रोजगार सुरक्षा में असमानता को दूर करने के लिए कितने प्रयास किए जा रहे हैं? समाज में असंख्य लोगों को यह क्यों लगता है कि सरकारी नौकरी ही असली नौकरी है। अगर निजी क्षेत्रों में नौकरियों को आकर्षक और सुरक्षित बनाया जाए, तो शायद सरकारी नौकरी के लिए होने वाली मारामारी कम होगी। हालांकि, ऐसा नहीं है कि सरकारें नौकरी नहीं दे रही हैं। नियुक्तियों का सिलसिला किसी भी साल रुका नहीं है, लेकिन जितनी नियुक्तियां होनी चाहिए, उतनी नहीं हो रही हैं। स्वास्थ्य, शिक्षा जैसे क्षेत्रों में खाली पदों को प्राथमिकता के साथ भरना चाहिए, ताकि लोगों के जीवन स्तर में सुधार हो। पुलिस की अगर बात करें, तो यहां देश भर में करीब नौ लाख नियुक्तियां हो सकती हैं। कानून व्यवस्था की चुनौती से निपटने के लिए पर्याप्त पुलिस बल होना ही चाहिए। इसमें क्या दोराय है कि जब उत्तर प्रदेश में 60,000 से ज्यादा नए कांस्टेबल सेवा में तैनात होंगे, तो यहां कानून-व्यवस्था की स्थिति और अच्छी होगी। इससे प्रदेश के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। यहां पूंजी या निवेश में भी वृद्धि होगी, जिससे रोजगार बढ़ेगा। वास्तव में, अच्छी सरकारी नौकरियां दूसरी तमाम नौकरियों के लिए संभावना बढ़ाती हैं और शायद हर राज्य में यही करने की जरूरत है। अगर ऐसा किया गया, तो नौकरी मांगने वालों की भीड़ धीरे-धीरे छंटती चली जाएगी।

## आज का राशिफल

**मेष** रोजी रोजगार की दिशा में सफलता के योग हैं। आय के नए स्त्रोत बनेंगे। अनावश्यक व्यय का सामना करना पड़ेगा। जीविका की दिशा में उन्नति होगी। आमोद प्रमोद के साधनों में वृद्धि होगी। नए अनुबंध प्राप्त होंगे।

**वृषभ** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आय के नए स्त्रोत बनेंगे। किया गया परिश्रम सार्थक होगा। यात्रा में अपने सामान के प्रति सचेत रहें चोरी या खोने की आशंका है।

**मिथुन** जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। व्यावसायिक योजना को बल मिलेगा। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिलेगी। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा।

**कर्क** व्यावसायिक दिशा में किए गए प्रयास फलीभूत होंगे। वाणी की सौम्यता बनाये रखें। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। भाग्यवश कुछ ऐसा होगा जिसका आपको लाभ मिलेगा। अकारण विवाद हो सकता है।

**सिंह** दाम्पत्य जीवन सुखमय होगा। बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। वाणी पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता है। वाणी की असभ्यता आपको किसी संकट में डाल सकती है। खान-पान में संयम रखें।

**कन्या** गृहोपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। प्रणय संबंध प्रगाढ़ होंगे। वाहन प्रयोग में सावधानी अपेक्षित है।

**तुला** पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। अनावश्यक कार्यों में खर्च करना पड़ सकता है। रोजी रोजगार की दिशा में प्रगति होगी। ससुराल पक्ष से लाभ होगा।

**वृश्चिक** जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। प्रेम प्रसंग प्रगाढ़ होंगे। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। धन लाभ के योग हैं।

**धनु** राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी। आर्थिक क्षेत्र में किया गया प्रयास फलीभूत होंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। यात्रा में अपने सामान के प्रति सचेत रहें चोरी या खोने की आशंका है।

**मकर** आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय न लें। भाई या पड़ोसी का सहयोग मिलेगा। व्यर्थ के कार्यों में धन खर्च करने के योग हैं। प्रणय संबंध मधुर होंगे।

**कुम्भ** बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। मित्रों या रिश्तेदारों से पीड़ा मिल सकती है। संतान के संबंध में सुखद समाचार मिलेगा। भारी व्यय का सामना करना पड़ेगा। पारिवारिक जनों से पीड़ा मिलेगी।

**मीन** व्यावसायिक योजना सफल होगी। शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। ससुराल पक्ष से लाभ मिलेगा। फिजूल खर्च पर नियंत्रण रखें। धन हानि की संभावना है।

# नापाक गठजोड़ से संचालित तबादलों का बड़ा खेल

गुरुवचन जगत

(मणिपुर के पूर्व राज्यपाल, पूर्व डीजीपी जम्मू व कश्मीर)

मेरी यादें मुझे 1990 के दशक के मध्य में ले जा रही हैं, जब मैं चंडीगढ़ स्थित पुलिस मुख्यालय में एक प्रशासनिक अधिकारी की हैसियत से नियुक्त था। एक दोपहर, पुलिस महानिदेशक ने मुझे बुलाया और इच्छा जताई कि मुझे भी पंजाब भवन में मुख्यमंत्री के साथ बैठक में उनके साथ जाना चाहिए। हम दोनों समय पर पहुंच गए, लेकिन मुख्यमंत्री वहां नहीं थे, कुछ देर बाद उनकी ओर से एक सहयोगी आया। गर्मजोशी भरी दुआ-सलाम के आदान-प्रदान के बाद, मंत्री ने अपनी जेब से कागज की एक पर्ची निकाली और महानिदेशक को थमा दी। मेरे बॉस जल्द आपा खो देने के लिए मशहूर थे और मैं उनका चेहरा लाल होते हुए देख पा रहा था। फिर उन्होंने वह पर्ची मुझे पकड़ा दी, इसमें लगभग 20 तबादलों की सूची थी। प्रस्तावित बदलियां एक ही सिद्धांत पर आधारित थीं- सभी मौज-मस्ती वाले फील्ड में और तमाम बढ़िया अधिकारी दफ्तरी कामकाज पर। डीजीपी ने मुझसे मेरी राय पूछी, मैंने उनकी सोच का समर्थन किया और कहा कि एक भी प्रस्ताव स्वीकार करने लायक नहीं है। महानिदेशक उठ खड़े हुए और जैसे ही हम बाहर निकलने के लिए तैयार हुए, मंत्री ने सुझाव दिया कि इस मामले पर हम चर्चा कर सकते हैं और चाहें तो कुछ बदलाव भी किए जा सकते हैं। लेकिन उन्हें दो टूक बता दिया गया कि ऐसी सौदेबाजी हमारे बस की नहीं है, सो इस निश्चय के साथ बैठक से बाहर आ गए। मैंने महानिदेशक को उनके घर छोड़ा और कहा कि अब हमें खुद भी अपनी बदली के लिए तैयार रहना चाहिए। दो दिनों के बाद, हम दोनों को सूबे से बाहर स्थानांतरित कर दिया गया और साथ ही मुख्य सचिव को भी (जाहिर है, उन्हें भी ऐसा ही अनुभव हुआ होगा)। हालांकि, वह वक्त अलग था और मूल्य और सिद्धांत अपनी जगह कायम थे, लिहाजा हम में से किसी की भी नौकरी पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा। वास्तव में, महानिदेशक की नियुक्ति बतौर राज्यपाल एक सूबे में हो गई। मुख्य सचिव की प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव के रूप में और मुझे जम्मू-कश्मीर का पुलिस महानिदेशक बनाया गया। यह प्रसंग तब का था जब हम अभी उग्रवाद के जंजाल से पूरी तरह उबरे नहीं थे। वैसे भी बदलियों और नियुक्तियों को लेकर पुराने नियम-कायदे अभी भी जारी थे। पुलिस महानिदेशक की ओर से गृह विभाग को प्रस्ताव भेजा जाता और यदि गृह सचिव और डीजीपी के बीच कोई मतभेद हो, तो उसे दूर कर करने के बाद, नाम आगे मुख्यमंत्री को भेज दिया जाता। साथ ही, उग्रवाद के कारण, महानिदेशक के भेजे प्रस्ताव सामान्यतः स्वीकार हो जाते थे। इससे पहले भी,स्वतंत्रता-पूर्व काल में यही प्रथा थी और इस पर अमल बड़े जिम्मेदार तरीके से किया जाता था। ऐसे मामलों में, बड़े पैमाने पर राजनीतिक हस्तक्षेप होने का सवाल नहीं था। 19वीं सदी के मध्य में भारतीय सिविल सेवा (आईसीएस) में सुधार लागू होने शुरू हुए (1854 में आईसीएस पर लॉर्ड मैकॉले की रिपोर्ट के परिणामस्वरूप) और नौकरी पर रखना किसी की मेहरबानी की बजाय योग्यता-आधारित प्रणाली में परिवर्तित हो गया। ये सुधार ब्रिटिश होम सिविल सर्विस में भी लागू किए गए। एल्फ्रे प्रैंक (हंटर कॉलेज, सिटी यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क) द्वारा लिखे गए एक शोधपत्र में, उन्होंने सरकार परिवर्तन काल में नौकरशाही के महत्व का वर्णन किया है : 'चूंकि नौकरशाही' आधुनिक सरकार की धुरी है, इसलिए राजनीतिक परिवर्तन काल की प्रक्रिया में नौकरशाहों की भूमिका खासतौर पर अहम हो जाती है। जब एक सरकार पहले वाली की जगह लेती है, भले ही सत्ता का यह हस्तांतरण राजनीतिक व्यवस्था के अंदर क्रांतिकारी परिवर्तन दर्शाता हो या फिर स्थापित संवैधानिक ढांचे के भीतर किसी पार्टी की किस्मत चमकी हो, नौकरशाहों से अपेक्षा होती है कि वे अपने पदों पर बने रहें और प्रशासन के क्रिया-कलाप में पूर्ववत भाग लेते रहें। नीतिगत तंत्र में चाहे कितने भी बड़े बदलाव हों, सरकार के पहिए थमने नहीं चाहिए। आवश्यक कार्यक्रम और संचालन जारी रहें, बुनियादी प्रतिबद्धताओं का सम्मान बना रहे, वरना पूरा सामाजिक ताना-बाना बिखर जाएगा।' यह योग्यता-तंत्र की मूल परिकल्पना के अनुरूप है और उन बुनियादी प्रतिबद्धताओं का सम्मान अवश्य रहे, जिनसे मिलकर लोकतंत्र एवं एक सक्षम सरकार का हृदयस्थल बनता हैं। हालांकि, राजनीतिक एवं प्रशासनिक काबिलियत, जवाबदेही और नैतिकता के मानकों में आमतौर पर आई गिरावट के अलावा सिविल सेवाओं में बाहरी हस्तक्षेप बढ़ने लगा। इसकी शुरुआत तब हुई जब सत्तासीन लोग अपने प्रभाव क्षेत्र में मनपसंद अधिकारी चाहते थे और अफसर भी जिस जगह मनमाफिक नियुक्ति चाहते थे, उसके लिए राजनीतिक संबंधों को भुनाने लगेंझ इस तरह आपसी हितों का पोषण करने वाली एक व्यवस्था स्थापित हो गई। पहले पहल, यह बूंदों के रूप में थी, लेकिन बाद में तो बाढ़ आ गयी। कारण था सिविल सेवाओं का राजनीतिकरण और राजनेता-अपराधी-पुलिस गठजोड़ का उद्भव, जिसमें आगे इजाफा हुआ सियासी दलों द्वारा 'इलाका प्रभारी' प्रणाली की शुरुआत से (विभिन्न राज्यों में इलाका प्रभारी को अलग-अलग नाम से जाना जाता है)। सिविल अधिकारी खुलकर 'सियासी आकाओं' के साथ गठजोड़ करने लगे और अपने राजनीतिक मालिकों की धन एवं बाहुबल से मदद करने के लिए आपराधिक गुटों को अभयदान देने लगे। जिला और उपमंडल स्तरीय पद, जैसे डीएसपी, एसडीएम और एसएचओ स्तर पर बदलियों का काम इलाका प्रभारियों के हवाले कर दिया गया, जो इन अधिकारियों को पैसा पहुंचाने वाले बिचौलिए भी बन गए, जिनकी प्रतिबद्धता अब अपने वरिष्ठ अधिकारियों या सेवा के प्रति न रहकर इस माफिया की ओर हो गई। इस घटनाक्रम ने सिविल सेवाओं में अपने से ऊपर अधिकारियों के प्रति जवाबदेही और इसकी नैतिकता की रीढ़ तोड़ दी, और कानून के शासन के प्रति प्रतिबद्धता बनाए रखने के दिन लद गए। अधिकतर अच्छे अफसरों को दरकिनार कर दिया गया या उन्होंने डेपुटेशन पर भारत सरकार में जाना चुना (यह बीमारी फैलने में कुछ समय लगा लेकिन अब तो गहरे तक पैठ कर चुकी है)। धन और बाहुबल की बढ़ती जरूरत के कारण, भ्रष्टाचार में गुणात्मक वृद्धि हुई और संगठित आपराधिक गुटों से बहुत बड़ी मात्रा में 'गंदा पैसा' आने लगा, वे नेताओं को बाहुबल भी मुहैया करवाते हैं। इससे पूर्णकालिक समग्लर, नशा एवं काले धन के धंधेबाजों से बने माफिया का युग शुरू हुआ ङ्क यानी गैंग। वह गैंग जिनके बारे में कभी सुना भी न था, लेकिन अब तो इनके फैलाव को संभालना मुश्किल हो रहा है। आपसी गैंगवार, गोलीबारी, जेलों में झगड़े और ड्रग माफिया को निशाना बनाकर हत्याएं हो रही हैं। देश-विदेश में इस नेटवर्क के फैलने में राजनीतिक दलों का हाथ सदा रहा है। जिस तरह लोकसभा और विधानसभा के चुनाव होते हैं यह नेटवर्क और भी मजबूत हो गया है क्योंकि उनमें धन और बाहुबल, दोनों की जरूरत होती है। मैंने नौकरी के दौरान विभिन्न स्थानों और पदों पर रहते हुए अनेक चुनाव प्रक्रिया में भाग लिया। मुझे कभी यह समझ नहीं आया कि चुनाव से ठीक पहले पुलिस और अन्य सिविल अफसरों के तबादले नतीजों को कैसे प्रभावित कर सकते हैं। उदाहरणार्थ, भले वक्त में भी पुलिस वाले लोकप्रिय नहीं होते, लोग केवल उनसे डरते हैं न कि इज्जत करते हैं। मुझे समझ नहीं आता कि ये 'चुनिंदा' पुलिस अधिकारी सिवाय आदमी और पैसा मुहैया करवाने के, और क्या मदद कर पाएंगे। वे तभी उपयोगी हैं यदि मतदान में पूरी और सरेआम धांधली करवाएं, शुक्र है अभी तक ऐसा नहीं हुआ।

वे वोटिंग मशीनों में हेराफेरी करने में भी सक्षम नहीं और यह आरोप वैसे भी कभी सिद्ध नहीं हुआ, खासकर जब विभिन्न राजनीतिक दल जीत प्राप्त कर सत्तारूढ़ हो रहे हों। जो भी है, पुलिस और अन्य सिविल सेवा संस्था, जिनसे मिलकर आपराधिक न्याय प्रणाली बनी है, टूटी-बिखरी पड़ी है और जो स्वरूप पहले था, वह पहचान में नहीं आ रहा। न्यायपालिका, जो कि इस सिस्टम का एक अन्य महत्वपूर्ण स्तंभ है, उसे भी आत्मनिरीक्षण करने और लाखों लंबित मामलों का हल खोजने की जरूरत है। जब भी कोई वीभत्स घटना घटती है तभी हम आंदोलन करने लगते और कार्यबल बनाए जाते हैं। हालांकि, समय बीतने के साथ, यह सब ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है- लेकिन मिलीभगत कायम रहती है। क्या ये नापाक गठजोड़ कभी तोड़ा भी जा सकेगा? ऐसा लगता है कि केवल लोगों की सामूहिक इच्छाशक्ति और ताकत ही इस रोग का इलाज कर सकती है।

# अंतरिक्ष में फजीता फिर भी डटी सुनीता

अरुण नैथानी

दुनिया भर के भारतीय एक बार फिर भारतवंशी बेटी सुनीता विलियम्स के लिये फिक्रमंद हैं। दरअसल, अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में शोध-अनुसंधान के लिये गई सुनीता के लिए अपने एक सहयोगी के साथ निर्धारित समय पर लौट पाना मुश्किल हो रहा है। वे बोइंग के जिस अंतरिक्ष विमान स्टारलाइनर से गए थे, उसमें कई तरह की तकनीकी खामियां आ गई हैं। अमेरिकी अंतरिक्ष संगठन नासा अपने अंतरिक्ष यात्रियों की जान को लेकर कोई जोखिम नहीं उठाना चाह रहा है। दो बेहद अनुभवी व प्रशिक्षित अंतरिक्ष यात्रियों की बेशकीमती जिंदगियों का प्रश्न तो है ही, लेकिन मिशन की असफलता से सुपरपावर की साख को जो झटका लगेगा, उसकी बड़ी कीमत होगी। वह भी तब जब उसके नंबर वन के ओहदे को चुनौती देने वाला चीन अंतरिक्ष अभियान में नित नई सफलताएं हासिल करता ही जा रहा है। मगर भारतीयों के लिये अपनी बेटी की सुरक्षा की चिंता है। उसके दिल में भारत की एक होनहार बेटी कल्पना चावला को खोने के जख्म अभी तक हरे हैं। हरियाणा की इस लाडली को खोने का गम देश अभी तक नहीं भुला पाया है। बहरहाल, अब अमेरिका से छनकर आ रही खबरें बताती हैं कि जो सुनीता विलियम्स आठ दिन के लिये अंतरिक्ष मिशन पर गयी थीं, उसे अब आठ महीने अंतरिक्ष में गुजारने होंगे। निस्संदेह, किसी व्यक्ति के अंतरिक्ष में इस तरह की अनिश्चितताओं में फंसना एक बड़ी चिंता का सबब होता है। लेकिन सुनीता बड़ी दिलेर अंतरिक्ष यात्री हैं। एक लड़ाकू हेलीकॉप्टर की चालक रही सुनीता की उपलब्धियों ने ही उसे अंतरिक्ष मिशन तक पहुंचाया है। यह उसका तीसरा अंतरिक्ष मिशन है। पूरी दुनिया ने उस वीडियो विलप को देखा था, जिसमें वह स्टारलाइनर अंतरिक्ष विमान से निकलकर बहुत ही गर्मजोशी से अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर अपने सहयोगियों से मिली थीं। नये उत्साह व उमंग के साथ। निश्चित रूप से अंतरिक्ष यात्री कड़े प्रशिक्षण व मजबूत मानसिक तैयारी के बाद ही अंतरिक्ष मिशन में जुड़ते हैं। यूं तो जोखिम सड़क पर पैदल चलने वाले व्यक्ति के जीवन में भी कम नहीं होते हैं, लेकिन अंतरिक्ष यात्री के जीवन के जोखिम हर पल नजर आते हैं। दरअसल, बोइंग का स्टारलाइनर अंतरिक्ष विमान जब अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के करीब पहुंचा तो उसमें बड़ी तकनीकी खामियां आ गई थी। उसके वे पांच थ्रस्टर्श बंद हो गए थे, जो यान की दिशा निर्धारित करते हैं। कालांतर में उसकी हीलियम गैस भी खत्म हो गई। फलतः उसे वैकल्पिक ईंधन पर निर्भर होना पड़ा। नासा ने अपने अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में ले जाने वाली व्यावसायिक उड़ानों के लिये बोइंग व स्पेस एक्स के साथ अरबों डॉलर के करार किये हैं। अब तक नौ मानवयुक्त अंतरिक्ष अभियानों को अंजाम देने वाले स्पेस एक्स को सुनीता विलियम्स व बैरी बुच विल्मोर को वापस धरती पर लाने का जिम्मा सौंपा गया है। नासा ने अंतरिक्ष अभियान के तमाम जोखिमों का अध्ययन करने के बाद यह फैसला लिया है। बहरहाल, नासा ने फैसला किया है कि सुनीता व विल्मोर को फरवरी, 2025 तक अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में ही रहना पड़ेगा। इसके बाद वे स्पेस-एक्स क्रू ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट से वापस लौट सकेंगे। जिसमें दो अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष में जाएंगे और वापसी में सुनीता और विल्मोर उससे लौटेंगे। इन परिस्थितियों को स्वीकार करते हुए 58 वर्षीय सुनीता के हौसले बुलंद हैं। अगले छह माह तक का उनका कार्यक्रम निर्धारित हो गया है। इस बीच वह स्टेशन पर वैज्ञानिक कार्यों के अलावा यान की मरम्मत तथा स्पेस वॉक भी करेंगी। इस घटनाक्रम से बोइंग के अभियान को लेकर भी सवाल उठे हैं। कहा जा रहा है कि शुरुआती दौर में हीलियम रिसाव के संकेत मिले थे। विगत में भी बोइंग के कई अंतरिक्ष मिशनों का प्रदर्शन आशा के अनुरूप नहीं रहा है। लेकिन वहीं दूसरी ओर बोइंग की प्रतिद्वंद्वी एलन मस्क की स्पेसएक्स ने पिछले कुछ वर्षों में खासी उपलब्धियां हासिल की हैं। चार साल पहले ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक पहुंचा चुका है और अंतरिक्ष यात्रियों व सामान को ले जाने व लाने का काम करता रहा है। सुनीता विलियम्स पिछले दो माह से धरती के ऊपर अंतरिक्ष में तैर रही हैं। एक प्रायोगिक अभियान के तहत वह अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन गई थीं। लेकिन अब जब उनको अगले छह माह अंतरिक्ष में रहना पड़ेगा, तो कहा जा रहा है कि सुनीता क्रिसमस व नया साल भी अंतरिक्ष में ही मनाएंगी। उल्लेखनीय है कि सुनीता विलियम्स की अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यह तीसरी यात्रा है। वह एक अनुभवी अंतरिक्ष यात्री हैं जो नौसेना हैलीकॉप्टर पायलट की भूमिका निभाने के बाद नासा के अंतरिक्ष अभियानों से जुड़ी हैं। हाल ही में उन्होंने उत्साहपूर्वक कहा था कि वे अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में अपने दायित्वों के निर्वहन में खासी व्यस्त हैं। वे अंतरिक्ष स्टेशन में गुरुत्वाकर्षण मुक्त परिवेश में तैरना अच्छा महसूस करती हैं। इसे वे अपने अंतरिक्ष के घर में वापसी मानती हैं। टीम के साथ शोध-अनुसंधान करने का यह अनुभव सुखद है। निश्चित रूप से हर अंतरिक्ष यात्री अपने मिशन में उत्पन्न होनी वाली चुनौती और विकट स्थितियों के लिये मानसिक व शारीरिक रूप से तैयार ही होता है। लेकिन भारहीनता की स्थिति, बाधित नींद, आंखों पर पड़ने वाला अतिरिक्त दबाव, समाज से कटकर नितांत एकांत व भावनाशून्य स्थितियां संवेदनशील मनुष्य को अखरती तो हैं ही। वहीं मांसपेशियों का वजन कम होने से कई तरह की व्यावहारिक दिक्कतें भी आती हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि सुनीता सकुशल घर लौटे।

## विचार मंथन

# महाबंगाल का युद्ध अंतिम दौर में, चक्रव्यूह से कैसे निकलेगी भाजपा

(लेखक-सनत जैन)

पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी ने जिस तरह से युद्ध के लिए चक्रव्यूह ममता बनर्जी के लिये रचा था। उस चक्रव्यूह में अब भाजपा खुद भी फंसती हुई नजर आ रही है। पश्चिम बंगाल में भाजपा और टीएमसी का यह महायुद्ध अब अपने निर्णायक दौर पर पहुंच रहा है। भारतीय जनता पार्टी के लिए पश्चिम बंगाल अबूझ पहेली बन गया है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को पश्चिम बंगाल की 42 लोकसभा सीटों में से 18 सीटों पर विजय प्राप्त हुई थी। इसके बाद भाजपा ने यह मान लिया था, पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के गढ़ को समाप्त किया जा सकता है। पश्चिम बंगाल में भगवा झंडा फहराने के लिए भाजपा ने 2019 के बाद से लगातार ममता बनर्जी के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया था। 2021 में पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव हुए इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने अपनी पूरी ताकत लगा दी। 77 सीटों पर भारतीय जनता पार्टी को विजय प्राप्त हुई। ममता बनर्जी को 294 में से 213 सीटों पर विजय प्राप्त हुई। 2021 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने अपने सभी अस्त्र-शस्त्र और कौशल का उपयोग किया। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल भी खुलकर मैदान में आ गए। ईडी और सीबीआई ने भी अपना पूरा जोर लगा दिया। केंद्र सरकार के सुरक्षा बल चुनाव के पहले तैनात कर दिया गया। उसके बाद भी जो खेला पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने खेला था। इसका मुकाबला भाजपा नहीं कर पाई। भारतीय जनता पार्टी के लिए दो राज्य बड़े चुनौती बने हुए हैं। उनमें से एक पश्चिम बंगाल है, दूसरा दिल्ली है। भाजपा को अपना अश्वमेध यज्ञ पूरा करने के लिए इन दो राज्यों में सफलता मिलना जरूरी है, जो अभी तक नहीं मिल पाई है। इसी तरह के सारे प्रयोग दिल्ली में भी किए गए। भाजपा को अभी भी सफलता नहीं मिल पाई है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल भेज दिया। उसके बाद भी उन्होंने इस्तीफा नहीं दिया। दिल्ली सरकार के सारे अधिकार छीन लिए, इसके बाद भी भारतीय जनता पार्टी दिल्ली में अपनी सत्ता स्थापित नहीं कर पाई। पश्चिम बंगाल की इस लड़ाई में आग में घी डालने का काम तब हुआ, जब कोलकाता मेडिकल कॉलेज की एक छात्रा की रेप करके हत्या कर दी गई। भाजपा को लगा, यह मौका है, इस संवेदनशील विषय पर ममता बनर्जी को कटघरे में खड़ा किया जा सकता है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री को इस्तीफा देने के लिए विवश किया जा सकता है। अभी तक इस मामले में कोई सफलता भारतीय जनता पार्टी को नहीं मिली है। डॉक्टर की हत्या के 20 दिन हो चुके हैं। भाजपा को लगता था, सीबीआई की जांच कभी ममता स्वीकार नहीं करेगी। लेकिन ममता ने 5 दिन बाद ही सीबीआई को जांच सौंप दी। भारतीय जनता पार्टी जिस तरह से टीएमसी पर आक्रमण कर रही थी। सरकार में होते हुए भी ममता बनर्जी ने सड़कों पर उतरकर भाजपा का विरोध किया। ममता बनर्जी भी डॉक्टर के हत्यारे को फांसी देने की मांग कर रही है। अब सीबीआई जांच कर रही है। इतने दिन बीत जाने के बाद भी सीबीआई कुछ नया नहीं खोज पाई। उल्टे हत्या के मामले को छोड़कर वह मेडिकल कॉलेज के डीन के खिलाफ भ्रष्टाचार की जांच कर रही है। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल भी सड़क पर उतर आए। उन्होंने पश्चिम बंगाल की सरकार के खिलाफ अपनी रिपोर्ट गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रपति को सौंप दी। भाजपा ने इस मामले में, डॉक्टर के हत्यारों को सजा देने के स्थान पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर इस्तीफा देने का दबाव बनाया। जिसके कारण कोलकाता और पश्चिम बंगाल की जनता यह समझ गई,डॉक्टर की हत्या के मामले में भाजपा न्याय करने के स्थान पर ममता बनर्जी को सत्ता से अपदस्थ करना चाहती है। भाजपा ने इस लड़ाई को अपनी प्रतिष्ठा का विषय बना लिया है। रही-सही कसर राष्ट्रपति ने कोलकाता के मामले में बयान जारी कर ममता बनर्जी के ऊपर दबाव बनाने की कोशिश की। इसकी भी देश भर में उल्टी प्रक्रिया हुई है। भाजपा अब अपने ही बनाए गए चक्रव्यूह में इस तरह से उलझ गई है। उसे समझ नहीं आ रहा है। पश्चिम बंगाल की लड़ाई किस तरह से जीती जाए। शुक्रवार को एक बार फिर पश्चिम बंगाल के राज्यपाल दिल्ली पहुंचे हैं। केंद्र सरकार यदि ममता बनर्जी की सरकार को बर्खास्त करती है। ऐसी स्थिति में संसद के दोनों सदनों में इसका अनुमोदन 6 माह के अंदर कराना होगा। तमाम दबाव के बाद भी ममता बनर्जी इस्तीफा देने के लिए तैयार नहीं है। जिन आरोपों पर ममता बनर्जी की सरकार को केंद्र सरकार बर्खास्त करेगी। उससे भी ज्यादा गंभीर आरोप मणिपुर, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, राजस्थान जैसे राज्यों पर हैं। ममता बनर्जी इस लड़ाई को पूरे जोश में लड़ रही है। यदि उनकी सरकार को बर्खास्त किया जाता है, तो वह खुलकर पश्चिम बंगाल से निकलकर देश भर में लड़ाई लड़ेंगी। भाजपा के खिलाफ इंडिया गठबंधन भी उसके साथ होगा। जिस आरोप में ममता की सरकार बर्खास्त की जाएगी।

धान के खेत में उत्तम पैदावार देती है

# 'अलसी'

धान के भारी खेत जिसमें नमी अधिक समय तक संचित रहती है वहां भी उतेरा पद्धति से अलसी की खेती की जा सकती है अलसी के अच्छे अंकुरण के लिये खेत को अच्छा भुरभुरा तैयार करना चाहिये। खेत को 2-3 बार आड़ी एवं खड़ी जुताई करके उसमें पाटा लगाकर नमी को संरक्षित करना चाहिये।

## जलवायु

अलसी की फसल को ठंडे व शुष्क मौसम की आवश्यकता होती है इसके उचित अंकुरण के लिए 25-30 डिग्री सेल्सियस सेंटीग्रेट तथा बीज बनते समय 15-20 सेल्सियस सेंटीग्रेट तापमान होना चाहिये।

## भूमि की तैयारी

अलसी की फसल के लिए काली, भारी एवं दोमट मिट्टी अधिक उपयुक्त होती है धान के भारी खेत जिसमें नमी अधिक समय तक संचित रहती है वहां भी उतेरा पद्धति से अलसी की खेती की जा सकती है अलसी के अच्छे अंकुरण के लिये खेत को अच्छा भुरभुरा तैयार करना चाहिये। खेत को 2-3 बार आड़ी एवं खड़ी जुताई करके उसमें पाटा लगाकर नमी को संरक्षित करना चाहिये। धान के खेतों में समय-समय पर खरपतवार निकालकर खेत को नींदा रहित करते हुये साफ रखना चाहिये।

## फसल प्रणाली

अलसी को मुख्य फसल के रूप में लगाने के बजाय मिलवा या अंतरवर्तीय फसल के रूप में लगाने से अधिक आय संभव हैं। अंतरवर्तीय फसल पद्धति के अंतर्गत अलसी के साथ 3:1 के अनुपात में चना, सरसों, मसूर को भी लगाकर अतिरिक्त आय प्राप्त की जा सकती है।

## उन्नत किस्में

जवाहर 16, जेएलएस 9,जवाहर 23, पूसा 2

## बीजोपचार

थारयम या कार्बेन्डाजिम 3 ग्राम प्रति किलो बीज के हिसाब से उपचारित करें व बीजोपचार के बाद राइजोबियम व पीएसबी कल्चर से 5-5 ग्राम/कि. बीज के हिसाब से उपचारित कर बुवाई करें।

## बीज की गहराई

अलसी के बीज को नमी के आधार पर भूमि में 3 सेंमी की गहराई पर बुवाई करें. यदि भूमि में पर्याप्त नमी न हो तो उथली बुवाई लाभदायक होती है।

## खाद एवं उर्वरक

गोबर की खाद उपलब्ध होने पर अंतिम व बखरनी के समय 4-5 टन प्रति हेक्टेयर खेत में मिला दें। असिंचित अवस्था में 65:125 किलोग्राम, यूरिया, सिंगल सुपर फास्फेट व पोटाश प्रति हेक्टेयर सम्पूर्ण खाद बुवाई के समय में ही खेत में डालें। सिंचित अवस्था में 174:125:30:0 किलो ग्राम यूरिया, सिंगल सुपर प्रति हेक्टेयर की दर से उपयोग करें। नत्रजन की 2/3 मात्रा व स्फुर, पोटाश की पूरी मात्रा बुवाई के समय दें तथा नत्रजन की शेष 1/3 मात्रा को पहली सिंचाई के समय दें एवं उतेरा पद्धति में 20 किलो नत्रजन अलसी के फसल में दें।

## खरपतवार नियंत्रण

अलसी की फसल को बुवाई से 30-35 दिन तक खरपतवारों से मुक्त रखना चाहिये। फसलों को नींदा रहित रखने के लिए बुवाई के 15-20 दिन बाद पहली निंदाई-गुड़ाई करनी चाहिये या रसायनिक खरपतवार नियंत्रण के अंतर्गत पेंडीमिथालीन खरपतवार-नाशक की 3.33 लीटर मात्रा को 600-700 ली. पानी में घोल बनाकर बीज के अंकुरण पूर्व उपयोग करें।

## सिंचाई

अलसी की फसल में सिंचाई करने से उत्पादन में वृद्धि होती है अतः सिंचाई उपलब्ध होने पर पहली सिंचाई शाखा बनते समय व दूसरी सिंचाई कली बनने की अवस्था में करने से उत्पादन में वृद्धि होती है।

# मसूर

## की उन्नत खेती

## भूमि

मसूर सभी प्रकार की भूमि में उगाई जा सकती है। किंतु सफल खेती के लिए दोमट और भारी भूमि इसके लिए अधिक उपयुक्त है। भूमि का पीएच मान 6.5 से 7.5 के बीच होना चाहिए।

## भूमि की तैयारी

भूमि की तैयारी इस प्रकार करना चाहिए कि मिट्टी भुरभुरी तथा खरपतवार से रहित हो जाये। भारी भूमि में एक गहरी जुताई के बाद दो हल्की जुताई हो या देशी हल से करना चाहिए तथा प्रत्येक जुताई के बाद पाटा अवश्य लगाना चाहिए। जिससे नमी संरक्षित रहे।

## बीज की मात्रा एवं बोने की विधि

सामान्यतः 35-40 किग्रा/हे. बीज बोना चाहिए। समय पर बोनी के लिए कतार से कतार की दूरी 30 सेमी तथा देरी से बोनी करने पर 20-25 सेमी. पर कतारों में बीज की 4-5 सेमी की गहराई पर सीडड्रिल से बोना चाहिए। थाईरम 2 ग्राम, 1 ग्राम कार्बेन्डाजिम दवा से प्रति किलोग्राम बीज को उपचारित करके बोना चाहिए। इसके बाद बीज को 10 ग्राम राइजोबियम तथा 10 ग्राम पीएसबी कल्चर से प्रति किलोग्राम बीज को उपचारित कर बोनी करें।

## बुवाई समय

असिंचित क्षेत्रों में नमी उपलब्ध रहने पर अक्टूबर के प्रथम सप्ताह से नवम्बर के प्रथम सप्ताह तक बोनी करें। इसके बाद बोनी करने पर पकने की अवस्था पर तापक्रम बढ़ने में दाना छोटा व उपज में कमी आती है।

## उन्नत जातियां

के 75 (मल्लिका), जे.एल.-1, एल.-4076, जे.एल. 3, आईपीएल-18, एल.9-2

## खाद एवं उर्वरक

असिंचित अवस्था में 15:30:10 कि.ग्रा./हे. यूरिया, सिंगल सुपर फास्फेट एवं म्यूरेट ऑफ पोटाश तथा सिंचित खेती करने पर 43:350:33 किग्रा/हे. नत्रजन स्फुर एवं पोटाश बुवाई के समय खेत में डालना चाहिए।

## सिंचाई

सामान्यतः बारानी खेती में ही मसूर की फसल को लिया जाता है। परन्तु यदि शीतकाल मे वर्षा का अभाव हो तो एक सिंचाई करने पर उपज में वृद्धि होती है।

## फसल चक्र

धान-मसूर, सोयाबीन-मसूर, उड़द-मसूर, ज्वार-मसूर, बाजरा-मसूर

अंतरवर्तीय खेती : मसूर-सरसों (4:1), मसूर-जौ (4:2)

## कटाई एवं गहाई

फसल पकने की अवस्था में पीली पड़कर सूखने लगती है। फसल की कटाई कर खलिहान में बैलों या ट्रेलर से गहाई कर पंखे से सफाई करना चाहिए तथा बीज को सुखाकर भंडारित करना चाहिये।

# मुर्गियों की देखभाल

## उपरोक्त इन लक्षणों के दिखाई देने पर ये उपाय करें

- बाड़े के चारों ओर छत से सटकर कम से कम दस फीट चौड़ा हरे रंग के जालीदार कपड़े का मंडप लगवाये जिससे धूप तथा गर्मी की तीव्रता कम हो जायें.
- बाड़े के छत को ऊपर सफेद पेंट लगवाये या फिर ऊपर घांसफूस डलवायें. इससे बाड़े के भीतर का तापक्रम 4 डिग्री से. से कम होता है.
- बाड़े के चारों ओर ठंडे जल का छिड़काव करें.
- बाड़े की खुली बगलों पर टाट/बोरियों के पतले पर्दे लगवाकर उस पर छिद्रधारी पाईप द्वारा या अन्य तरीके से पानी का छिड़काव करें. इससे बाड़े के भीतर का तापक्रम काफी हद तक कम हो जाता है.
- अगर संभव है तो बाड़े में धीरे-धीरे घूमने वाले पंखे लगायें तथा फव्वारे द्वारा बाड़े में पानी की बारीक बूंदों में बौछार करें. यह बाड़े के भीतर का तापक्रम कम करने का बेहतरीन तरीका हैं.
- बाड़े के इर्दगिर्द घने छायादार वृक्ष पहले ही लगायें तथा मुर्गी फार्म की बाड हरे घने पत्तेदार वनस्पति जैसे सुबबूल, मेहंदी या वर्ष के गर्मी के मौसम में जो भी स्थानिक वनस्पति हरी भरी रहती हैं वह लगवायें. इससे गर्म हवाओं के थपेड़े कम आते हैं. और मुर्गी फार्म का वातावरण ज्यादा गर्म नहीं होता.

## कैसे पालें नवजात बछड़े

- **व्यवस्था** : नये जन्मे बछड़े का स्वास्थ्य तथा जीवन निर्भर करता है. बछड़े को पालने की व्यवस्था की परिकल्पना पूर्णतः बन्द बसेरों (बार्न) से लेकर कम से कम आश्रय तक होती है। बछड़े के तबेले का वातावरण इस तरह होना चाहिए कि बछड़े को कम से कम तनाव हो, फर्श सूखा तथा साफ हो. गर्मी, ठण्ड, हवा और बारिश से सुरक्षा आवश्यक है. हमारा प्रबंधन ऐसा हो कि पशु को पर्याप्त स्थान उपलब्ध हो जिससे कि वह सुख से रहे तथा पर्याप्त वायु संचार हो.
- **बछड़ों का बाड़ा** : अलग बाड़ा बछड़ों को अलग रखने में मदद करता है जिससे संक्रामक बीमारियों को फैलने से रोका जा सकता है तथा हम आसानी से बछड़े के आवरण, भोजन का उपभोग, मल तथा मूत्र त्याग आदि सभी का निरीक्षण कर सकते हैं.
- **झोपड़ी** : अलग झोपड़ी जो कि लगभग 4×8 फिट की लकड़ी की बनी झोपड़ियों में बछड़ों को पाल सकते हैं. थोड़ी छोटी पृथक्झोपड़ियों में बछड़ों को दो से तीन करके पाल सकते हैं. बाड़ों की तुलना में झोपड़ियों में ज्यादा मेहनत लगती है लेकिन झोपड़ियों में बिना दूध दोहे बछड़ों को पूर्णतः अलग करने में मददगार होते हैं. झोपड़ियां आसानी से घुमायी और परिवर्तित की जा सकती है ताकि हम सूर्य के प्रकाश, तापमान व वायु के प्रवाह को आसानी से व्यवस्थित कर सकें. झोपड़ियों को आसानी से साफ रख सकते हैं. फाइबर ग्लास व पॉलीथिन की झोपड़ियां, लकड़ी की झोपड़ियों व धातु के बाड़ों की तुलना में आसानी से बनाई जा सकती है लेकिन सूर्य के तापमान को कम करने के लिए यह आवश्यक है कि यह अपारदर्शी हो.
- **बन्द मकान** : मकान जिसमें बंद व अलग बाड़ा हो बन्द मकान कहलाता है. बन्द मकान में सबसे महत्वपूर्ण बिन्दु पर्याप्त वायु संचार होता है. वातावरणीय रूप से नियंत्रित बंद मकान बनाने व रख-रखाव में मंहगे होते हैं.

## यह भी रखें ध्यान

- अंडा उत्पादक मुर्गियों को पीने हेतु ठंडा जल प्रदान करें. पानी की टंकियों को सफेद रंग लगवाये या उनको बोरियाँ लपेटकर तथा उन पर पानी छिड़ककर गीला रखें. बड़े मटके या नाँद में एक दिन पहले शाम को पानी भरकर रखें तथा दूसरे दिन ठंडा जल गर्मियों के वक्त थोड़ा-थोड़ा उपलब्ध करवायें.
- पीने के पानी में इलेक्ट्रोलाईट पाउडर घोलकर प्रवाहित करें ताकि मुर्गियों को वह उपलब्ध हो.
- पीने के पानी में विटामिन 'सी' एक हजार मुर्गियों को दस ग्राम इस अनुपात में डालें.
- अगर सघन बिछाली प्रणाली/डीप लीटर (यानि भूसे पर मुर्गियां रखी हैं. तो भूसे को सबेरे और शाम को ही उलट-पुलट करें.
- मुर्गियों के दाने/मैश पर पानी हल्का सा डालें ताकि धूल ज्यादा ना उठें.
- मुर्गियों के दाने में प्रोटीन की मात्रा बढ़ायें. ताकि उनके शरीर भार में कमी ना आये.
- बाड़े के आसपास घांसफूस के लॉन (क्यारियाँ) लगवाये इससे सूरज की किरणों से तपती धरती से निकलने वाले किरण कम सान्द्र होते हैं. और आसपास का वातावरण ठंडा रहता हैं. इन क्यारियों पर पानी छिड़ककर उन्हें ठंडा रखें.
- मुर्गियों को सीप चूरा खिलायें ताकि कैल्शियम की पूर्ति होकर अंडों के छिलके पतले ना बनें.
- बाड़े में मुर्गियाँ इतनी ही रखें जिससे बाड़े में वे आराम से रह सके और कतई भीड़ न हो.
- मुर्गियां बाड़े में तितर-बितर होकर दूर-दूर खड़ी रहती हैं ये सुस्त दिखाई देती हैं.
- कुछ मुर्गियां शरीर की गर्मी कम करने हेतु पंख फैलाकर रखती हैं.
- कुछ मुर्गियाँ लगातार चोंच खोलती हैं तथा बंद करती हैं और
- कुछ मुर्गियों को सांस लेने में कठिनाई होती हैं.
- कुछ मुर्गियां गर्मी का असर कम करने हेतु अपने पिछले हिस्से पर चोंच मारकर पंख तोड़ने की कोशिश करती हैं.
- ज्यादातर मुर्गियाँ बारबार पानी पीने हेतु पानी के बर्तनों के पास ही दिखाई देती हैं.
- ज्यादा गर्मी होने पर कुछ मुर्गियाँ बेहोश भी हो सकती हैं.
- उनके शरीर भार में कमी आती हैं और वे कमजोर हो जाती हैं.
- उनके अंडों का वजन तथा आकार कम हो जाता हैं तथा अंडों के छिलके पतले हो जाते हैं.

## कोरोना महामारी के बाद वीजा आवेदन की संख्या में आई तेजी: रिपोर्ट




**नई दिल्ली ।** कोरोना महामारी के बाद से भारत में वीजा आवेदन की संख्या में बढ़ोतरी देखने को मिली है। वीजा आवेदन को लेकर एक वीजा सर्विस प्रोवाइडर कंपनी ने एक रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट के अनुसार कोविड-19 की महामारी के बाद से वीजा आवेदन की संख्या में तेजी देखने को मिली है। रिपोर्ट में दिए गए आंकड़ें बताते हैं कि कोरोना महामारी के बाद विदेश यात्रा भी बढ़ गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जून में वीजा आवेदन की संख्या में महामारी के पहले के स्तर को पार कर दिया है। यह आवेदन 2019 की पहली छमाही की तुलना में 2 फीसदी ज्यादा है। वहीं, वर्ष 2023 की तुलना में आवेदन की संख्या 11 फीसदी बढ़ गई है। रिपोर्ट के मुताबिक पर्सनलाइज्ड सर्विस में वीजा एट योर डोर स्टेप (वीएवायडी) की मांग में भी वृद्धि हुई है। साल 2019 की तुलना में वीएवायडी की मांग में चार गुना वृद्धि देखने को मिली है। वही, 2023 की पहली छमाही की तुलना में वीएवायडी में 16 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। वीजा एट योर डोर स्टेप में आवेदक घर या फिर किसी भी स्थान से वीजा आवेदन के प्रोसेस को पूरा कर सकते हैं और बायोमेट्रिक एंट्रोलमेंट सर्विस का लाभ भी उठा सकते हैं।

## चेन्नई में बनेगा 10जी-100जी नेटवर्क टेस्टबेड

**चैन्नई ।** नोकिया और तमिलनाडु सरकार के बीच चेन्नई में विश्व का सबसे बड़ा फिक्स्ड नेटवर्क टेस्टबेड स्थापित करने का समझौता किया जाएगा। यह टेस्टबेड अल्ट्रा-हाई-स्पीड इंटरनेट एक्सेस और तेज बैंडविड्थ के क्षेत्र में तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देगा। शुक्रवार को मल्टीनेशनल टेलीकॉम कंपनी नोकिया एक समझौते पर हस्ताक्षर करेंगी। यह टेस्टबेड नोकिया की 10 गीगाबिट , 25जी, 50जी, और 100जी पैसिव ऑप्टिकल नेटवर्क्स में तकनीकी नवाचारों का नेतृत्व करेगा। करीब 450 करोड़ रुपए के निवेश से यह केंद्र स्थापित किया जाएगा और नोकिया की प्रमुख अनुसंधान और विकास प्रयोगशालाओं में से एक बनेगा। यह फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस, मल्टी-ड्वेलिंग यूनिट सॉल्यूशंस, एक्सेस नेटवर्क्स और होम कंट्रोलर्स पर भी ध्यान केंद्रित करेगा। समझौते पर हस्ताक्षर सैन फ्रांसिस्को में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की उपस्थिति में किए जाएंगे, जो अमेरिका की 17 दिवसीय यात्रा पर हैं।

## बिहार-यूपी सहित कई राज्यों में पेट्रोल-डीजल हुआ सस्ता

**नई दिल्ली ।** भारतीय ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में फेरबदल किया है जिसके अनुसार बिहार और यूपी से हित कई राज्यों में पेट्रोल और डीजल के भावों में हल्की गिरावट देखी जा रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल के आधार पर कीमतों की समीक्षा के बाद रोज पेट्रोल और डीजल के दाम तय करती हैं। जिसके बाद हर सुबह 6 बजे सरकारी तेल कंपनियों पेट्रोल और डीजल का नए रेट अपडेट करती है। तेल कंपनियों ने शुक्रवार को पेट्रोल-डीजल की नई दरें जारी कर दी है। जिसके मुताबिक बिहार-यूपी सहित कई राज्यों में पेट्रोल-डीजल सस्ता हो गया है। बिहार में पेट्रोल 22 पैसे घटकर 107.09 रुपये प्रति लीटर और डीजल 21 पैसे घटकर 93.81 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। वहीं यूपी में पेट्रोल 31 पैसे घटकर 94.25 रुपये प्रति लीटर और डीजल 7 पैसे घटकर 87.57 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। इसके इलावा महाराष्ट्र में पेट्रोल के दाम 20 पैसे घटकर 104.24 रुपये प्रति लीटर और डीजल 20 पैसे घटकर 90.77 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। वहीं दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल की कीमत 87.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये और डीजल की कीमत 89.97 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये और डीजल की कीमत 91.76 रुपये प्रति लीटर और चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल की कीमत 92.34 रुपये प्रति लीटर है।

# यूपीआई का दुनिया में फैल रहा नेटवर्क, अमेरिका लगा रहा अड़ंगा

### -वैश्विक लेन-देन को तेज़ और सस्ता बनाने की दिशा में आरबीआई कर रहा काम

**नई दिल्ली,।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर यूपीआई जैसे समाधानों की पहुंच को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लाने की मंशा रखते हैं। इसके लिए आरबीआई विदेशों में यूपीआई इंफ्रास्ट्रक्चर की तैनाती, क्यूआर कोड-आधारित भुगतान की सुविधा और यूपीआई को अन्य देशों की भुगतान प्रणालियों से जोड़ने की दिशा में काम किया जा रहा है लेकिन वैश्विक लेन-देन को तेज़ और सस्ता बनाने के लिए यूपीआई जैसे भुगतान माडे यमों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आपस में जोड़ने में अमेरिका अड़ंगा लगा रहा है। अमेरिका के फेडरल रिजर्व सिस्टम के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के सदस्य क्रिस्टोफर जे. वालर ने यूपीआई जैसे विकल्पों की तेजी से भुगतान करने की क्षमता पर सवाल उठाए हैं।ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में क्रिस्टोफर ने यूपीआई को लेकर कहा कि आज के उपभोक्ता और व्यवसाय दुनिया के किसी भी हिस्से में रुपया भेज सकते हैं, लेकिन वे चाहते हैं कि ये भुगतान तेज़ और सस्ते हों, जैसे हम हमेशा तेज़ उड़ानें और सस्ते हवाई किराए चाहते हैं। उन्होंने कहा मुझे पूरा विश्वास नहीं है कि इंटरलिंकिंग व्यवस्थाएं इन लक्ष्यों को हासिल कर सकेंगी। इसी फेस्ट में आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास और भारतीय रिजर्व बैंक के कार्यकारी निदेशक पी. वासुदेवन ने भी शामिल हुए थे।वासुदेवन ने कहा कि भारत-अमेरिका के बीच फास्ट पेमेंट नेटवर्क को जोड़ने के विचार को लेकर आरबीआई आशान्वित हैं। उन्होंने कहा कि आपने एक सकारात्मक उम्मीद दी है कि हम फेडनॉउ और यूपीआई के बीच लिंकेज होते देख सकते हैं, भले ही इसमें थोड़ा समय लगे। गौरतलब है कि अमेरिकी फेड ने अपना खुद का तेज़ भुगतान नेटवर्क, फेडनॉउ सर्विस, लॉन्च किया है।

अमेरिका को अभी इसे पूरे अमेरिका में विस्तारित करने में कुछ समय लगेगा। आरबीआई गर्वनर शक्तिकांत दास ने कहा कि हमारा मुख्य एजेंडा विदेशों में यूपीआई इंफ्रास्ट्रक्चर की तैनाती, अंतरराष्ट्रीय व्यापारी स्थानों पर यूपीआई ऐप के जरिए से क्यूआर कोड-आधारित भुगतान की सुविधा प्रदान करना और सीमा पार प्रेषण के लिए यूपीआई को अन्य देशों की फास्ट पेमेंट सिस्टम से जोड़ना है।

## रुपया बढ़त पर बंद

**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुक्रवार को भारतीय रुपया बढ़त के साथ ही 83.84 पर बंद हुआ। इससे पहले रुपया गत 83.89 पर बंद हुआ था। वहीं आज सुबह विदेशी पूंजी प्रवाह और घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख से भी शुरुआती कारोबार में रुपया सात पैसे मजबूत होकर 83.82 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.83 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती सौदों के बाद 83.82 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो उसके पिछले बंद भाव से सात पैसे की बढ़त दिखाता है। रुपया गुरुवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 83.89 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को आंकने वाला डॉलर सूचकांक 0.03 फीसदी की बढ़त के साथ 101.37 पर रहा।

## मूडीज ने भारत की जीडीपी विकास दर 7.2 प्रतिशत की

**नई दिल्ली ।** अमेरिकी रेटिंग एजेंसी मूडीज की ओर से 2024 के लिए भारत की जीडीपी विकास दर अनुमान को बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत किया है, जो कि पहले 6.8 प्रतिशत था। विकास दर अनुमान में बढ़ोतरी की वजह देश में निजी खपत का तेजी से बढ़ना है। मूडीज ने कहा, देश में महंगाई में कमी आने से पारिवारिक खपत में बढ़ोतरी हो रही है। सामान्य से अच्छा मानसून रहने के कारण अच्छी फसल होने की उम्मीद है, इसकारण ग्रामीण मांग वापस लौट रही है। इस अनुमान में माना है कि आगे मजबूत वृद्धि दर देखने को मिलेगी। मूडीज का यह अनुमान आरबीआई के अनुमान के बराबर है। केंद्रीय बैंक आरबीआई के अनुमान के मुताबिक वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है।इसका कारण देश में ग्रामीण और शहरी मांग में बढ़ोतरी होना है। आरबीआई की ओर से वृद्धि दर अनुमान के दौरान बताया गया था कि देश में मानसून तेजी से आगे बढ़ रहा है। इससे कृषि क्षेत्र में मजबूत ग्रोथ देखने को मिल सकती है। मूडीज द्वारा 2025 के लिए विकास दर अनुमान को भी 6.4 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया गया है। मौजूदा माहौल में देश आराम से 6 से 7 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि दर हासिल कर सकता है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि भारत की आर्थिक स्थिति पिछले कुछ वर्षों में काफी मजबूत हुई है। इसकी वजह चालू खाते घाटे को कम करना है। मूडीज का मानना है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की गति आने वाले समय में धीमी हो सकती है।

# मैंक कॉन्फ्रेंसस एंड इवेंट्स लिमिटेड का आईपीओ 4 सितंबर, 2024 को खुलेगा

**मुंबई।**

मैंक कॉन्फ्रेंसस एंड इवेंट्स लिमिटेड , जो MICE उद्योग में संपूर्ण इवेंट प्रबंधन समाधान प्रदान करने में विशेषज्ञ है, अपने प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (IPO) को 4 सितंबर, 2024 को खोलने का प्रस्ताव करता है। कंपनी इस आईपीओ के माध्यम से उच्चतम मूल्य बैंड पर रू125.28 करोड़ जुटाने का लक्ष्य रखती है, और शेयर BSE SME प्लेटफार्म पर सूचीबद्ध किए जाएंगे।

इश्यू साइज 55,68,000 तक होगा, जिसमें 22,29,000 ताजे इश्यू इक्विटी शेयर और 33,39,000 ऑफर फॉर सेल शामिल हैं, सभी रू10 के फेस वैल्यू पर।

इक्विटी शेयर आवंटन

- QIB (एंकर हिस्से को शामिल करते हुए) ङ्क अधिकतम 26,31,600 इक्विटी शेयर
- हाई-नेट-वर्थ इंडिविजुअल (HNI) – कम से कम 7,91,400 इक्विटी शेयर
- रिटेल इंडिविजुअल इन्वेस्टर्स (RII) – कम से कम 18,45,000 इक्विटी शेयर
- मार्केट मेकर ङ्क 3,00,000 इक्विटी शेयर

आईपीओ से प्राप्त शुद्ध राशि का उपयोग वर्किंग कैपिटल की जरूरतों और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों को पूरा करने के लिए किया जाएगा। एंकर हिस्से की बिडिंग 3 सितंबर, 2024 को शुरू होगी, और अन्य सभी श्रेणियों के लिए इश्यू 4 सितंबर, 2024 को सब्सक्रिप्शन के लिए खोला जाएगा और 6 सितंबर, 2024 को समाप्त होगा।

इस ऑफर का बुक रनिंग लीड मैनेजर बीलाइन कैपिटल एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड है। इश्यू का रजिस्ट्रार स्काईलाइन फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड है।

मैंक कॉन्फ्रेंसस एंड इवेंट्स लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर श्री अमित भाटिया ने कहा, "यह आईपीओ हमारे सफर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो भविष्य की वृद्धि और सफलता की

नींव रखेगा। दो दशकों से अधिक के उद्योग अनुभव के साथ, मैंक कॉन्फ्रेंस वैश्विक स्तर पर इवेंट्स का प्रबंधन करता है। हमारे उद्योग की वर्किंग कैपिटल-गहन प्रकृति को देखते हुए, आईपीओ की प्राप्त राशि हमारे वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी, जिससे हमें बड़े और उच्च-मूल्य वाले इवेंट्स के लिए बोली लगाने की अनुमति मिलेगी। इससे हमारे ब्रांड की मान्यता और मूल्य में वृद्धि होगी, अंततः हमारे संचालन को मजबूत किया जाएगा और हमारी कंपनी की दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित होगी।"

# तमिलनाडु सरकार ने कई निवेशकों के साथ किए समझौते

**चेन्नई ।**

तमिलनाडु सरकार ने राज्य में निवेश आकर्षित करने के लिए मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की अमेरिका यात्रा के दौरान माइक्रोचिप, नोकिया और पेपाल सहित कई संभावित निवेशकों के साथ समझौतों पर हस्ताक्षर किए। गाइडेंस टीएन ने मुख्यमंत्री और उद्योग मंत्री टीआरबी राजा की उपस्थिति में माइक्रोचिप के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। माइक्रोचिप का प्रतिनिधित्व पैट्रिक जॉनसन और ब्रूस वेयर ने किया। इसके तहत सेमीकंडक्टर प्रौद्योगिकी में अनुसंधान एवं विकास केंद्र की स्थापना चेन्नई के सेम्मंचेरी में की जाएगी। इसकी लागत 250 करोड़ रुपये होगी और इससे 1,500 नौकरियों के अवसर मिलने की उम्मीद है। राजा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और उद्योग मंत्री डॉ. टीआरबी. राजा की उपस्थिति में गाइडेंस टीएन नोकिया के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत दुनिया में सबसे बड़े फिक्स्ड नेटवर्क टेस्ट बेड के रूप में नोकिया के नए अनुसंधान एवं विकास केंद्र को 10जी, 25जी, 50जी और 100 जीपीओएन फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस, एमडीयू समाधानों में नवाचारों के लिए, एसआईपीसीओटी सिरुसेरी, चेंगलपट्टू में 450 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित किया जाएगा, जिससे 100 नौकरियों का सृजन होगा। स्टालिन 2030 तक राज्य को एक अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए की जा रही इस महत्वाकांक्षी अमेरिका यात्रा में एक उच्च स्तरीय आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को सैन फ्रांसिस्को में संभावित निवेशकों के साथ एक बैठक की। तमिलनाडु सरकार ने एप्लाइड मैटेरियल्स, गीकमाइंड्स, यील्ड इंजीनियरिंग सिस्टम के साथ भी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर किए। मुख्यमंत्री स्टालिन 31 अगस्त को तमिल समुदाय को संबोधित करेंगे। इसके बाद दो सितंबर को वह शिकागो में अमेरिकी कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करेंगे तथा उनसे तमिलनाडु में निवेश करने का आह्वान करेंगे। यात्रा के दौरान वह फॉर्च्यून 500 कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) से मिलेंगे। वह 14 सितंबर को चेन्नई लौटेंगे।

## गे, लेस्बियन और ट्रांसजेंडर भी खोल सकेंगे संयुक्त खाता

**नई दिल्ली ।** वित्त मंत्रालय ने कहा कि एलजीबीटीक्यू समुदाय के लोगों के लिए संयुक्त बैंक खाता खोलने और समलैंगिक रिश्ते में रहने वाले व्यक्ति को नामित करने पर कोई प्रतिबंध नहीं है। वित्त मंत्रालय ने हाल ही में परामर्श जारी कर कहा कि यह स्पष्ट किया जाता है कि समलैंगिक समुदाय के व्यक्तियों के लिए संयुक्त बैंक खाता खोलने तथा समलैंगिक संबंध वाले किसी व्यक्ति को नामित करने पर कोई प्रतिबंध नहीं है। मंत्रालय की ओर से लेस्बियन, गे, बाइसेक्सुअल और ट्रांसजेंडर समुदाय (एलजीबीटी) के लिए यह सलाह 17 अक्टूबर, 2023 को दिए गए उच्चतम न्यायालय के एक आदेश के मद्देनजर जारी की गई है। वित्त मंत्रालय के तहत वित्तीय सेवा विभाग द्वारा जारी परामर्श में कहा गया है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा 21 अगस्त, 2024 को सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों को इस संबंध में स्पष्टीकरण भी जारी किया गया है। आरबीआई ने 2015 में बैंकों को निर्देश दिया था कि वे अपने सभी फॉर्मों और आवेदनों में एक अलग कॉलम शामिल करें, ताकि ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को बैंक खाते खोलने और संबंधित सेवाओं का लाभ उठाने में मदद मिल सके। साल 2015 के आदेश के बाद कई बैंकों ने ट्रांसजेंडरों के लिए सेवाएं शुरू की हैं। ईएसएफ स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने 2022 में विशेष रूप से ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए रेनबो सेविंग्स अकाउंट शुरू किया। इसमें उच्च बचत दरों और ऊत्रत डेबिट कार्ड सुविधाओं सहित कई सुविधाएं प्रदान की गई थीं।

# प्रीमियम बाइकों की तरफ लोगों का रुझान बढ़ा, 100-110 सीसी बाइक पिछड़ी

### ग्रामीण क्षेत्र में 14.5 और शहरी क्षेत्र में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई

**नई दिल्ली ।**

पिछले कुछ समय से मोटरसाइकलों में प्रीमियम श्रेणी की तरफ स्पष्ट रुझान दिख रहा है। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सायम) के आंकड़ों से पता चलता है कि अप्रैल और जुलाई 2024 के बीच 75 सीसी से ज्यादा और 110 सीसी तक की इंजन क्षमता वाली 18,65,061 मोटरसाइलें बिकीं और उन्होंने आठ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। इसके विपरीत इसी अवधि में कुल मोटरसाइकल बिक्री में 14 प्रतिशत तक का इजाफा हुआ है। यह ऐसे समय में हो रहा है जब वैश्विक महामारी के बाद अप्रैल-जुलाई की अवधि में दोपहिया वाहनों की ग्रामीण मांग में वृद्धि पहली बार शहरी बढ़ोतरी से आगे निकल गई और दोपहिया वाहन उद्योग में 13.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसमें ग्रामीण क्षेत्र में 14.5 प्रतिशत और शहरी क्षेत्र में केवल 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई। दोपहिया वाहनों का ग्रामीण अनुपात बेहतर हो रहा है। इसमें लगभग 52 प्रतिशत ग्रामीण और 48 प्रतिशत शहरी क्षेत्रों की बिक्री शामिल है। अच्छे मॉनसून, सकारात्मक धारणा और पहली बार खरीदारी करने वालों के शोरूम में लौटने से यह वृद्धि हुई है। आम तौर पर सड़कों की हालत और अन्य कारकों की वजह से ग्रामीण क्षेत्रों में मोटरसाइकलों की मांग स्कूटरों से ज्यादा होती है। इसलिए जब दोपहिया वाहनों की ग्रामीण बढ़ोतरी दर शहरी दर को पीछे छोड़ रही है और 100 से 110 सीसी बाइक की वृद्धि दर भी उद्योग की औसत वृद्धि से कम हो रही है तो इसका मतलब यह है कि ज्यादा प्रीमियम बाइकों की तरफ रुझान बढ़ रहा है। उदाहरण के लिए 125 सीसी बाइक वाली श्रेणी में अप्रैल-जुलाई 2024 के बीच 21 प्रतिशत की वृद्धि नजर आई जबकि 125 से 150 सीसी वाली श्रेणी में 46.5 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि देखी गई। होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि पहले चार महीने में 100 सीसी, जो मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्र में ज्यादा बिकता है, के मामले में उद्योग की वृद्धि एक अंक में थी। हालांकि उद्योग का कुल इजाफा 14 -15 प्रतिशत से ज्यादा रहा।

## मुकेश अंबानी का करोड़ों शेयरधारकों को एक पर एक ऑफर

**मुंबई ।**

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने घोषणा की है कि कंपनी का बोर्ड 5 सितंबर को होने वाली बैठक में 1ः1 बोनस शेयर इश्यू के प्रस्ताव पर विचार करेगा। यदि प्रस्ताव को मंजूरी मिलती है, तब रिलायंस के शेयरधारकों को प्रत्येक शेयर के बदले एक अतिरिक्त बोनस शेयर मिलेगा।यह कदम कंपनी के शेयरधारकों के लिए एक महत्वपूर्ण घोषणा हो सकती है, इससे शेयरधारकों को सीधे लाभ प्राप्त होगा। बोनस इश्यू आमतौर पर कंपनियों द्वारा शेयरधारकों को पुरस्कृत करने और शेयर की लिक्विडिटी बढ़ाने के उद्देश्य से किया जाता है। रिलायंस ने अपनी इस महत्वपूर्ण योजना की जानकारी स्टॉक एक्सचेंजों को दी है, जिससे निवेशकों और बाजार में हलचल पैदा हो गई है।

बोनस शेयर कंपनी द्वारा अपने मौजूदा शेयरधारकों को दिए जाने वाले अतिरिक्त शेयर होते हैं। ये शेयर कंपनी के लाभांश के रूप में नहीं दिए जाते हैं, बल्कि कंपनी के रिजर्व से दिए जाते हैं। जब कोई कंपनी बोनस शेयर जारी करती है, तब इसके मौजूदा शेयरों की संख्या बढ़ती है, लेकिन कंपनी की कुल संपत्ति में कोई बदलाव नहीं होता है। क्लजब किसी कंपनी का शेयर मूल्य बहुत अधिक हो जाता है, तब शेयर को छोटे निवेशकों के लिए खरीदना मुश्किल हो जाता है। बोनस शेयर जारी करके कंपनी शेयर की कीमत को कम कर सकती है, जिससे यह अधिक लोगों के लिए सुलभ हो जाता है। बोनस शेयर जारी करके कंपनी अपने शेयरधारकों को खुश कर सकती है और उनके विश्वास को बढ़ा सकती है।

# सोने के भाव 72 हजार से नीचे लुढ़के, चांदी भी हुई सस्ती

**नई दिल्ली ।**

देश के सराफा बाजारों में सोने-चांदी के वायदा भाव में शुक्रवार को नरमी देखने को मिल रही है। सोने के भाव 72 हजार से नीचे गिर गया है तो चांदी में भी गिरावट देखी जा रही है। दोनों के वायदा भाव शुक्रवार को गिरावट के साथ खुले। इस समय सोने के वायदा भाव 71,900 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 84,500 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वैश्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव में गिरावट देखने को मिल रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत नरमी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अक्टूबर कॉन्ट्रेक्ट 288 रुपये की गिरावट के साथ 71,900 रुपये के भाव पर खुला। इस समय यह 279 रुपये की गिरावट के साथ 71,909 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वहीं चांदी के वायदा भाव की शुरुआत सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क सितंबर कॉन्ट्रेक्ट 344 रुपये की गिरावट के साथ 84,528 रुपये पर खुला।

इस समय यह 342 रुपये की नरमी के साथ 84,530 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजार में आज सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 2,553.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,560.30 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 10.90 डॉलर की गिरावट के साथ 2,549.40 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 29.84 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 29.98 डॉलर था। इस समय यह 0.16 डॉलर की गिरावट के साथ 29.82 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# जोमैटो तीसरा बड़ा बिजनेस-टु-कंज्यूमर कारोबार शुरू करेगी

**नई दिल्ली ।**

फूड डिलिवरी और क्विक कॉमर्स क्षेत्र में कारोबार मुनाफे में पहुंचाने के बाद जोमैटो के डिस्ट्रिक्ट ऐप के जरिये अपना तीसरा बड़ा बिजनेस-टु-कंज्यूमर **(बी2सी)** कारोबार शुरू करने की योजना पर काम कर रही है। जो जल्द ही शुरू होने की उम्मीद है। इस नए कारोबार के साथ जोमैटो बड़े स्तर पर असंगठित लाइव कार्यक्रमों और टिकटिंग मार्केट में अपना भाग्य आजमा रही है। ई-कॉमर्स के एक निवेशक ने कहा कि जोमैटो ऐसे कारोबार बना रही है जो एक-दूसरे से अलग स्वतंत्र रूप से काम कर सकते हैं। इसका फायदा यह है कि अगर कोई विशेष कारोबार वांछित रिटर्न नहीं देता है या वृद्धि के लिहाज से पिछड़ जाता है तो जोमैटो के पास अन्य ऐसे अप्रभावित कारोबार होंगे जो वृद्धि को बढ़ावा दे सकते हैं।

इस संबंध में जोमैटो की रणनीति अपनी गैर-सूचीबद्ध

प्रतिस्पर्धी स्विगी से अलग है जो अपनी सभी पेशकशों को एक सुपर ऐप के तहत लाने की कोशिश कर रही है।

निवेशक ने कहा कि स्विगी का दृष्टिकोण कंपनी को फूड डिलिवरी और क्विक कॉमर्स में अपने उत्पादों को 'क्रॉस-सेल करने की सुविधा देना है। यह जोमैटो के लिए चुनौती रही है।

# अवनि लेखरा ने रचा इतिहास, पैरालंपिक खेलों में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनीं

**पेरिस (एजेंसी)।** अवनि लेखरा शुक्रवार को यहां महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल (एसएच1) स्पर्धा में जीत के साथ दो पैरालंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गईं। वहीं इसी प्रतियोगिता में उनकी हमवतन मोना अग्रवाल ने कांस्य पदक जीता।

तीन साल पहले टोक्यो पैरालंपिक स्वर्ण जीतने वाली 22 वर्षीय अवनि ने शानदार 249.7 अंक हासिल कर जापानी राजधानी में बनाए गए 249.6 के अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ दिया जबकि 2022 में निशानेबाजी खेल में उतरने वाली मोना ने 228.7 अंक हासिल कर कांस्य पदक जीता।

अवनि 11 साल की उम्र में एक कार दुर्घटना में कमर के नीचे लकवाग्रस्त हो गई थी और उसके बाद से व्हीलचेयर पर हैं, 2021 में

टोक्यो पैरालिंपिक में निशानेबाजी में पदक जीतने वाली देश की पहली महिला निशानेबाज बनी थीं। निशानेबाजी में एसएच1 श्रेणी में ऐसे एथलीट शामिल होते हैं जिनकी भुजाओं, धड़ के निचले हिस्से, पैरों की गति प्रभावित होती है या जिनके कोई अंग नहीं होते हैं। क्वालीफिकेशन में गत चैंपियन अवनि ने 625.8 का स्कोर किया और इरीना शचेतनिक के बाद दूसरे स्थान पर रहीं जिन्होंने 627.5 के स्कोर के साथ पैरालंपिक क्वालीफिकेशन रिकॉर्ड तोड़ा।

### ऐतिहासिक पदक जीत बोली अवनि लेखरा- अभी दो और पदक लाने हैं

शेटराउ। ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय पैरा निशानेबाज अवनि लेखरा का ध्यान पेरिस पैरालंपिक में और अधिक पदक जीतने पर लगा है और उनका कहना है कि वह अपनी बची हुई दो स्पर्धाओं में भी पोडियम पर आना चाहती हैं। अवनि शुक्रवार को महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल (एसएच1) निशानेबाजी स्पर्धा लगातार दो पैरालंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय बन गईं। तीन साल पहले टोक्यो पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाली 22 वर्षीय अवनि ने शानदार 249.7 अंक हासिल कर तीन साल पहले के अपने ही पैरालम्पिक रिकॉर्ड 249.6 को तोड़ दिया। अवनि ने ऐतिहासिक जीत के बाद कहा कि यह बहुत करीबी फाइनल था। पहले, दूसरे और तीसरे स्थान के लिए बहुत कम अंतर था। लेकिन मैं नतीजों के बजाय अपने विचारों पर ध्यान लगा रही थी। इस चैम्पियन निशानेबाज ने कहा कि मुझे खुशी है कि इस बार भी एरीना में बजने वाला पहला राष्ट्रगान भारत का राष्ट्रगान था। मुझे अभी 2 और स्पर्धाओं में हिस्सा लेना है इसलिए मैं देश के लिए और पदक जीतने पर ध्यान लगाए हूं। वहीं अवनि के साथ कांस्य पदक जीतने वाली मोना अग्रवाल ने कहा कि काफी मुश्किल था लेकिन मैं सफल रही। इसलिये शुक्रिया। अवनि के साथ रहने निश्चित रूप से मदद की। वह एक चैम्पियन हैं और वह मुझे प्रेरित करती हैं। मोना (37 वर्ष) ने निशानेबाजी से पहले गोला फेंक, पावरलिफ्टिंग और व्हीलचेयर वॉलीबॉल सहित कई खेलों में हाथ आजमाया था। वह 228.7 अंक से कांस्य पदक जीतने में सफल रहीं।

## पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट का पहला दिन बारिश से धुला

**रावलपिंडी (एजेंसी)।** पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट मैच का शुरुआती दिन शुक्रवार को लगातार बारिश के कारण धुल गया। बांग्लादेश दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 से आगे है। उसने पिछले सप्ताह इसी स्थान पर 10 विकेट की ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी।

इस मैच में पाकिस्तान की दूसरी पारी पांचवें और अंतिम दिन महज 146 रन पर सिमट गई थी। तेज बारिश के कारण खिलाड़ी और टीम अधिकारी होटल में ही रुके रहे और अंपायरों ने स्थानीय समयानुसार दोपहर 12ः05 बजे दिन का खेल रद्द कर दिया। भारी बारिश के कारण मैदान का आउटफील्ड जलमग्न है। दोनों टीमें विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप तालिका में सबसे निचले स्थान पर काबिज वेस्टइंडीज से ठीक ऊपर हैं। इसमें बांग्लादेश सातवें स्थान पर और पाकिस्तान आठवें स्थान पर है।

पिछले साल शान मसूद को कप्तान बनाए जाने के बाद से लगातार चार टेस्ट मैच हार चुके पाकिस्तान ने दिसंबर 2021 में दक्षिण अफ्रीका को हराने के बाद से एक भी घरेलू टेस्ट नहीं जीता है। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गये चार टेस्ट मैच ड्रॉ पर छूटे थे। पाकिस्तान ने अपनी 12 सदस्यीय टीम में तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को बाहर कर दिया और लेग स्पिनर अबरार अहमद के साथ एक और बाएं हाथ के स्पिनर मीर हमजा को इसमें शामिल किया है।

## पेरिस पैरालंपिक खेलों में भारत की शीतल ने बनाया नया विश्व रिकार्ड

**पेरिस (एजेंसी)।** भारत की 16 साल की तीरंदाज शीतल देवी ने पेरिस पैरालंपिक में एक नया रिकार्ड बनाया है। शीतल ने तीरंदाजी के क्वालिफिकेशन राउंड में 703 अंक हासिल किये। ये इन खेलों में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। शीतल ने पहले दौर में 59, 59, 58, 56, 59, 57 का स्कोर किया जबकि दूसरे में उन्होंने 60, 57, 60, 59, 60, 59 का स्कोर किया। अब शीतल का लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतना रहेगा। शीतल ने महिला व्यक्तिगत कंपाउंड आर्चरी के क्वालीफिकेशन में 720 में से 703 अंक हासिल किये। इसके साथ ही वह 698 अंक के अपने पिछले विश्व रिकॉर्ड से आगे निकल गयी हैं। शीतल ओवरऑल रैंकिंग राउंड में दूसरे स्थान पर रहीं। उन्हें अगले दौर में बाई मिली है और अब वह 31 अगस्त को क्वार्टर फाइनल मुकाबले में उतरेंगी। इस इवेंट में भारत की सरिता ने 682 का स्कोर किया और उसे 9 वां स्थान मिला। भारत ने पेरिस पैरालंपिक में 84 खिलाड़ियों का सबसे बड़ा दल भेजा है। शीतल के अलावा बैडमिंटन में 8 भारतीय खिलाड़ी जीते हैं। निशानेबाज सुहास यथिराज (एसएल4), सुकांत कदम (एसएल4), तरुण (एसएल4), नितेश कुमार ( एसएल 3), पलक कोहली (एसएल 4), तुलसीमति मुरूगेसन (एसयू 5), मनीषा रामदास (एसयू 5) और निन्था श्री सुमति सिवान (एसएच 6) ने पहले दौर के अपने-अपने मैच जीत लिए है।

## चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम का पाकिस्तान जाना तय! इस पूर्व पाकिस्तान खिलाड़ी ने किया दावा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 पाकिस्तान की मेजबानी में खेली जानी है। लंबे समय बाद टूर्नामेंट की वापसी हो रही है। टूर्नामेंट 19 फरवरी से 9 मार्च के बाच पाकिस्तान में खेला जाएगा। हालांकि टीम इंडिया टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान का दौरा करेगी या नहीं। ये अभी एक सवाल बना हुआ है, इसी बीच पाकिस्तान के पूर्व खिलाड़ी राशिद लतीफ की तरफ से दावा करते हुए कहा गया कि टीम इंडिया का पाकिस्तान आना 50 फीसदी तय है।

राशिद लतीफ ने जय शाह के आईसीसी चेयरमैन बनने के बाद ये दावा किया कि उन्होंने कहा कि जय शाह को आईसीसी चेयरमैन बनने में पाकिस्तान का भी सपोर्ट मिला है।

अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए राशिदा लतीफ ने कहा कि, अगर जय शाह निर्विरोध चुने गए हैं, तो इसका मतलब है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने भी सपोर्ट किया है।

उन्होंने आगे कहा कि, 50 फीदसी पक्का हो गया है कि टीम इंडिया पाकिस्तान आ रही है। इसके अलावा पूर्व पाकिस्तानी खिलाड़ी ने जय शाह के बारे में बात करते हुए कहा कि, जय शाह का काम अब तक फायदेमंद रहा है, फिर चाहें वह बीसीसीआई के लिए

हो या आईसीसी के लिए, बता दें कि जय शाह आईसीसी के चेयरमैन बन चुके हैं और 1 दिसंबर से वह अपने पद का कार्यभार संभालेंगे।

वहीं कई मीडिया रिपोर्ट्स से यही पता चला है कि टीम इंडिया चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान का दौरा करने के मूड में नहीं दिख रही है। हालांकि, कई रिपोर्ट्स में हाइब्रिड मॉडल को लेकर भी बात की गई है। बताया गया कि टीम इंडिया चाहती है कि टूर्नामेंट में उनके मुकाबले किसी न्यूट्रल वेन्यू पर हाइब्रिड मॉडल के तहत हों, हालांकि अब तक कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

## शूटिंग में भारत को एक और पदक, मनीष नरवाल ने जीता सिल्वर मेडल

स्पोर्ट्स डेस्क ।टोक्यो खेलों के स्वर्ण पदक विजेता निशानेबाज मनीष नरवाल ने शुक्रवार को पेरिस पैरालिपिक में पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल (एसएच1) स्पर्धा में रजत पदक जीतने से पहले कड़ी टक्कर दी। 22 वर्षीय नरवाल ने टोक्यो में 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था, काफी समय तक बढ़त बनाए हुए

थे, लेकिन लगातार खराब स्कोर के कारण वह पिछड़ गए और अनुभवी दक्षिण कोरियाई निशानेबाज जो जोंगडू के सामने बढ़त हासिल कर ली। भारतीय पिस्टल निशानेबाज शिवा नरवाल के बड़े भाई नरवाल ने 234.9 का स्कोर किया, जबकि जोंगडू ने 237.4 के कुल स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले अवनि लेखरा शुक्रवार को यहां महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल (एसएच1) स्पर्धा में जीत के साथ दो पैरालंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गईं। वहीं इसी प्रतियोगिता में उनकी हमवतन मोना अग्रवाल ने कांस्य पदक जीता। भारत ने अब तक पैरालंपिक में चार पदक अपने नाम कर लिए हैं।

## राहुल नीलामी में उतरेगे तो उन्हें खरीद सकती हैं ये तीन टीमें

मुम्बई ।आईपीएल के अगले सत्र में केएल राहुल के लखनऊ सुपर जायंट्स को छोड़कर किसी अन्य टीम में जाने की संभावनाएं जतायी जा रही हैं। इसका कारण है कि पहले दो सत्र में लखनऊ सुपर जायंट्स उनकी कप्तानी में प्लेऑफ में पहुंची पर साल 2024 में उनकी कप्तानी में टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। ऐसे में माना जा रहा है कि उन्हें शायद ही टीम में बरकरार रखा जाये। ऐसे में अगर उन्हें रिलीज किया जाता है तो राहुल को कई टीम शामिल करने को तैयार रहेंगी।

ये टीमें हैं पंजाब किंग्स, आरसीबी और गुजरात टाइटंस।

**पंजाब किंग्स-** आईपीएल 2025 मेगा नीलामी में राहुल को खरीदने के लिए पंजाब किंग्स भी उत्साहित रहेगी। इसका कारण है कि कप्तान शिखर धवन ने संन्यास ले लिया है और टीम को एक बेहतर बल्लेबाज की जरुरत है। ऐसे में पंजाब किंग्स की टीम अपने पुराने कप्तान केएल राहुल को फिर से टीम शामिल करना चाहेगी, इससे उसकी कप्तानी की समस्या भी दूर हो जाएंगी।

**आरसीबी ः** आरसीबी की टीम आईपीएल 2025 मेगा नीलामी में राहुल को खरीदने मोटी रकम लगा सकती है। इसकी वजह ये है कि आरसीबी के पास विराट कोहली के अलावा दूसरा बड़ा भारतीय बल्लेबाज नहीं है। राहुल के टीम में आने से आरसीबी को मजबूती मिलेगी। दिनेश कार्तिक के संन्यास के बाद विकेटकीपिंग के रूप में राहुल बेहतर विकल्प होंगे और इस वजह से उन्हें खरीदने में आरसीबी की टीम दिलचस्पी दिखा सकती है।

**गुजरात टाइटंस-** गुजरात टाइटंस भी हार्दिक पांड्या के मुम्बई इंडियंस जाने के बाद आईपीएल 2024 में किसी अच्छे बल्लेबाज की तलाश कर रही है। शुभमन गिल की कप्तानी में गुजरात टाइटंस कुछ खास नहीं कर पाई। शुभमन की बल्लेबाजी अच्छी रही पर कप्तानी में वह फ्लॉप रहे। ऐसे में टीम शुभमन की जगह किसी अनुभवी को कप्तानी देना चाहेगी और इसके लिए रोहुल एक बेहतर विकल्प होंगे।।

## एमएस धोनी को आईपीएल 2025 में खेलना चाहिए, सुरेश रैना ने बताई बड़ी वजह

**चेन्नई (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के पूर्व ऑलराउंडर सुरेश रैना चाहते हैं कि एमएस धोनी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में खेलें क्योंकि टूर्नामेंट के पिछले संस्करण में उनकी बल्लेबाजी शानदार रही थी। आईपीएल 2024 के ओपनर मुकाबले से पहले कप्तानी छोड़ने वाले धोनी को आईपीएल 2024 में फिनिशर के तौर पर खेला गया था, जहां उन्होंने 14 मैचों में 220.25 की स्ट्राइक रेट से 161 रन बनाए थे और उनका उच्चतम स्कोर नाबाद 37 रन था।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ आईपीएल 2024 के ओपनर मुकाबले से पहले रुतुराज गायकवाड़ को चेन्नई स्थित फ्रेंचाइजी का नया कप्तान नियुक्त किया गया था। रैना ने स्पोर्ट्स तक से कहा, ''मैं चाहता हूं कि एमएस धोनी आईपीएल 2025 में खेलें, क्योंकि पिछले साल उन्होंने जिस तरह से बल्लेबाजी की थी। मुझे लगता है कि रुतुराज गायकवाड़ को एक और साल की जरूरत है, जिस तरह से उन्होंने कप्तानी की और आरसीबी से हार के बाद बहुत सी बातें कही गईं। हालांकि, रुतुराज ने शानदार प्रदर्शन किया है।'

आईपीएल 2024 में सीएसके की हार के बाद कई तरह की अटकलें लगाई जा रही थीं कि बतौर खिलाड़ी एमएस धोनी का यह आखिरी आईपीएल होगा, लेकिन भारत के पूर्व कप्तान ने अभी तक कुछ भी नहीं कहा है। इस महीने की शुरुआत में हैदराबाद में एक कार्यक्रम में धोनी ने कहा था कि नए नियमों और विनियमों की घोषणा के बाद वह अपने आईपीएल करियर पर फैसला लेंगे। उन्होंने कहा, 'इसके लिए अभी बहुत समय है। हमें देखना होगा कि वे खिलाड़ी को बनाए रखने

आदि पर क्या निर्णय लेते हैं। अभी गेंद हमारे पाले में नहीं है। इसलिए, एक बार नियम और विनियम औपचारिक हो जाने के बाद मैं फैसला लूंगा, लेकिन यह टीम के सर्वोत्तम हित में होना चाहिए।'

## पेरिस पैरालंपिक 2024 के लिए गूगल ने बनाया डूडल

पेरिस ।सर्च इंजन गूगल हमेशा ही बड़े अवसरों पर अपने डूडल पेश करता रहा है। इसी कड़ी में अब गूगल ने पेरिस पैरालंपिक खेलों के लिए व्हीलचेयर बास्केटबॉल का डूडल बनाकर उसके प्रति अपना सम्मान और समर्थन दिखाया है। व्हीलचेयर बास्केटबॉल दुनिया के 108 से अधिक देशों में खेला जाता है। इस खेल की दूसरे विश्व युद्ध के बाद हुई थी। इसका लक्ष्य घायल सैनिकों का पुनर्वास और उन्हें अवसाद से बाहर निकालना था। इस खेल को खिलाड़ी व्हीलचेयर की मदद से खेलते हैं। इसीलिए इसे व्हीलचेयर बास्केबॉल कहा जाता है। अंतरराष्ट्रीय व्हीलचेयर बास्केटबॉल फेडरेशन के अनुसार, यह खेल पहली बार 1945 में संयुक्त राज्य अमेरिका के दो अस्पतालों में खेला गया था। गूगल ने पेरिस पैरालिंपिक 2024 के अवसर पर अपने डूडल पर इसी खेल को प्रदर्शित किया है। इस डूडल पर जाकर व्हीलचेयर बास्केटबॉल मैचों का कार्यक्रम देखा जा सकता है। पैरालंपिक में व्हीलचेयर बास्केटबॉल सबसे पहले 1960 में रोम खेलों में शामिल किए गए थे। रोम पैरालंपिक में कुल आठ खेल हुए थे, जिनमें व्हीलचेयर बास्केटबॉल भी शामिल था। वहीं रोम पैरालंपिक में व्हीलचेयर बास्केटबॉल में दो मुकाबले हुए थे।

## जो रूट ने फिर जड़ा शतक, फैब-4 की रेस में सबसे आगे, सचिन तेंदुलकर के 2 वर्ल्ड रिकॉर्ड टूटने की कगार पर

**स्पोर्ट्स डेस्क ।** श्रीलंका के खिलाफ लार्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर खेले जा रहे दूसरे टेस्ट में भी इंग्लैंड के पूर्व कप्तान और स्टार बल्लेबाज जो रूट ने शतक जड़ दिया। 33 साल के जो शतक है। वहीं पिछले चार सालों में रूट का ये 16वा शतक है। इसके साथ ही जो रूट अब फैब-4 में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।

श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट की पहली पारी में जो रूट ने 206 गेंद में 143 रनों की पारी खेली। इस दौरान रूट के बल्ले से 18 चौके निकले। 50 के अंदर दो और 100 के भीतर तीन विकेट गिरने के बाद रूट एक छोर पर चट्टान बन गए। इस तरह खराब शुरुआत के बाद भी इंग्लैंड ने दूसरे टेस्ट के पहले दिन सात विकेट पर 358 रन बना लिए।

2021 से तक जो रूट शतकों के मामलों में फैब-4 में चौथे नंबर पर थे। फिर 2021 में रूट के बल्ले से 6 शतक निकले। इसके बाद अगले साल यानी 2022 में रूट ने पांच शतक जड़ डाले। हालांकि, 2023 जो रूट के लिए उतना अच्छा नहीं रहा। वैसे, 2023 में इंग्लैंड ने ज्यादा टेस्ट मैच भी नहीं खेले। 2023 में रूट ने दो शतक मारे। वहीं इस साल अब तक उनके बल्ले से 3 शतक आ चुके हैं।

फैब-4 की बात करें तो अब जो रूट 33 शतकों के साथ पहले नंबर पर हैं। वहीं, न्यूजीलैंड के केन विलियमसन के नाम 32 शतक हैं। ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ भी 32 शतक लगा चुके हैं। भारत के विराट कोहली के नाम 29 शतक ही हैं।

फिलहाल, रूट की नजरें सचिन तेंदुलकर के दो वर्ल्ड रिकॉर्ड पर है। पहला टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड, और दूसरा टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतकों का रिकॉर्ड, सचिन के नाम 15921 रन और 51 शतक हैं। वहीं रूट के नाम अभी 12274 रन और 33 शतक हैं। टेस्ट क्रिकेट में अभी सबसे ज्यादा रन बनाने का मामले में रूट सातवें नंबर हैं। हालांकि, 199 रन और बनाते ही वह टॉप 5 में शामिल हो जाएंगे।

## स्टार हॉकी प्लेयर जॉनी गौड्रेउ और उनके भाई मैथ्यू की मौत

स्पोर्ट्स डेस्क । अमेरिकी हॉकी स्टार जॉनी गौड्रेउ और उनके भाई मैथ्यू की अकल्पनीय त्रासदी के बाद मौत हो गई है, कोलंबस ब्लू जैकेट्स ने शुक्रवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से घोषणा की। टीम ने एक्स पर एक पोस्ट में भाइयों की मौत की पुष्टि की, लेकिन घटना के बारे में कोई अन्य विवरण जारी नहीं किया गया है। एनएचएल कमिश्नर गैरी बेटमैन ने भी जॉनी गौड्रेउ के निधन के बारे में एक बयान जारी किया जिसमें कहा गया कि वह सिर्फ एक शानदार हॉकी खिलाड़ी नहीं थे, वह एक प्यार करने वाले पिता और प्यारे पति, बेटे, भाई और टीम के साथी थे, जिन्होंने अपने रास्ते में आने वाले हर भाग्यशाली व्यक्ति को अपना दीवाना बना लिया। 31 वर्षीय गौड्रेउ जुलाई 2022 में कैलगरी फ्लेम्स से अप्रतिबंधित फ्री एजेंट के रूप में हस्ताक्षर करने के बाद ब्लू जैकेट्स के शीर्ष फॉरवर्ड थे। एक लोकप्रिय विवाह साइट पर पोस्ट के अनुसार गौड्रेउ और उनके भाई को शुक्रवार को फिलाडेल्फिया में अपनी बहन की शादी में शामिल होना था। गौड्रेउ के अपनी पत्नी मेरेडिथ के साथ दो छोटे बच्चे थे, एक बेटी, नोआ और बेटा जॉनी और दोनों का जन्म कोलंबस में हुआ था।

## जसप्रीत बुमराह को सबसे घातक बल्लेबाज कौन लगता है? भारतीय तेज गेंदबाज ने दिया मजेदार जवाब

**मुम्बई (एजेंसी )।** भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह मौजूदा समय में विश्व के बेस्ट तेज गेंदबाज हैं और इसमें कोई शक भी नहीं है। लेकिन क्या बुमराह को गेंदबाजी के दौरान किसी बल्लेबाज से डर लगता है? तो इसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि सच तो ये है कि कोई भी बल्लेबाज मेरे दिमाग पर हावी नहीं हो सकता है।

बुमराह चेन्नई के कॉलेज फंक्शन में बातचीत के दौरान बुमराह से पूछा गया कि आपको गेंदबाजी के दौरान सबसे घातक बल्लेबाज कौन लगता है? जवाब में बुमराह ने कहा, 'मैं इस सवाल का अच्छा जवाब देना चाहता हूं. सच तो ये है कि कोई भी बल्लेबाज मेरे दिमाग पर हावी नहीं हो सकता है। मैं किसी को खुद पर हावी नहीं होने देता हूं। मैं सभी बल्लेबाजों का सम्मान करता हूं, लेकिन मन ही मन मैं खुद से बात करते हुए कहता हूं कि यदि मैं अपना काम सही से करूंगा तो दुनिया में कोई भी ऐसा खिलाड़ी नहीं है जो मुझे रोक सके। मैं विरोधी खिलाड़ी के बजाय खुद को देखता हूं। हर चीज पर मेरा कंट्रोल है और अगर मैं खुद को सबसे अच्छा बनाने का मौका देता हूं, तो बाकी सभी चीजें अपने आप ठीक हो जाएंगी।'

गौर हो कि टी20 विश्व कप 2024 के बाद से बुमराह ने अभी तक एक भी मुकाबला नहीं खेला है। वह छुट्टी पर है। टी20 विश्व कप 2024 अभियान के बाद भारतीय टीम ने जिम्बाब्वे और श्रीलंका का दौरा किया था, बुमराह दोनों ही दौरे पर टीम के साथ नजर नहीं आए थे। अब भारतीय टीम बांग्लादेश के साथ सीरीज खेलती हुई नजर आएगी और सूत्रों के मुताबिक बुमराह इस सीरीज से भी दूर रहेंगे।

# आईएफबी द्वारा सूरत में एग्जिबिशन कम चैनल पार्टनर मीट आयोजित

**सुरत भुमि, सूरत।** अग्रणी भारतीय घरेलू उपकरण कंपनी आईएफबी ने 28 अगस्त को सूरत में एग्जिबिशन कम चैनल पार्टनर मीट का आयोजन किया। परवत पाटिया स्थित रामकथा ग्राउंड (ला फाउंटेन फूड फेयर) में आयोजित चैनल पार्टनर मीट एंड प्रोडक्ट्स गाला प्रदर्शनी में सूरत सहित दक्षिण गुजरात से बड़ी संख्या में आईएफबी के चैनल पार्टनर्स शामिल हुए। आईएफबी ने इस अवसर पर एआई तकनीक से युक्त एक उन्नत तकनीक से सुसज्जित वॉशिंग मशीन भी लॉन्च की।

IFB वॉशिंग मशीन का एक लोकप्रिय ब्रांड है। इस ब्रांड ने हाल ही में एक रेफ्रिजरेटर लॉन्च किया है और घरेलू उपकरणों की दुनिया में एक प्रमुख स्थान हासिल किया है। ड्रुस्रक्र ने वॉशिंग मशीनों की एक नई तकनीक और नए लुक वाली लाइनअप लॉन्च की है। IFB वर्षों से अपनी अनूठी तकनीक और हार्डवेयर गुणवत्ता के लिए जाना जाता है। IFB ने नई oxyjet टेक्नोलॉजी IFB DeepClean Ai वॉशिंग मशीन लॉन्च की है। यह नई लॉन्च आईएफबी मशीन अनूठी विशेषताओं के रूप में इको इन्वर्टर मोटर और वार्म सॉक्स से सुसज्जित है। इस मशीन में ड्रम में बाहरी हवा, डिटर्जेंट और पानी को उचित मात्रा में मिलाकर कपड़े धोए जाते हैं। उन्नत एआई सुविधा कपड़ों के वजन और प्रकार को जानने के लिए पानी के स्तर और धुलाई के समय के साथ-साथ गति के प्रकार को स्वचालित रूप से निर्धारित करती है।

इस तकनीक की मदद से परिधान का रंग, बनावट और पूरी गुणवत्ता बरकरार रहती है और ग्राहकों को यह नई मशीन नई आकर्षक कीमत पर मिलेगी। इनबिल्ट वाई-फाई के साथ, वॉशिंग मशीन का उपयोग कभी भी, कहीं से भी किया जा सकता है। कपड़े धोने के 9 अलग-अलग तरीके इसे अन्य कंपनियों की तुलना में एडवांस बनाता है। इसमें पावर स्टीम फीचर है जो 99.9% कीटाणुओं को मारता है और हर दाग को ठीक से साफ करता है जिससे कपड़ा बेहद मुलायम हो जाता है। साथ ही 20त्न से 25त्न कम पानी का उपयोग होता है और 40% ऊर्जा की बचत भी होती है। IFB उपयोगकर्ताओं को बेहद आरामदायक वॉशिंग मशीन प्रदान करने के लिए इस AI तकनीक को लॉन्च किया है। जिससे समय बचेगा, मेहनत कम लगेगी और कपड़ों की देखभाल भी उन्नत तकनीक से होगी व जीवन और कपड़े दोनों की गुणवत्ता में सुधार होगा। आईएफबी वास्तव में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के माध्यम से मेक इन इंडिया को बढ़ावा देता है।

IFB पूरी तरह से स्वचालित टॉप लोड वॉशिंग मशीन दक्षता के साथ आती है, इसलिए इसे भारत में सर्वश्रेष्ठ टॉप लोड वॉशिंग मशीन के रूप में जाना जाता है। आईएफबी की वॉशिंग मशीनों की गुणवत्ता और प्रदर्शन की आम तौर पर सराहना की जाती है और इसकी आधुनिक विशेषताएं उपयोगकर्ताओं को एक सुविधाजनक अनुभव प्रदान करती हैं।

# बछवारस पर अग्रसेन महिला शाखा द्वारा गायों की सेवा

**सुरत भुमि, सूरत।** अग्रवाल विकास ट्रस्ट महिला शाखा द्वारा शुक्रवार को बछवारस के शुभ दिन पर अमरोली स्थित "गांधारी आश्रम गौशाला" में गायों को चारा और गुड़ खिलाया गया। महिला शाखा अध्यक्षा सोनिया गोयल ने बताया कि आश्रम में गायों की सुविधा के लिए शेड भी लगवाया गया। इस मौके पर महिला शाखा की सरोज अग्रवाल, रुचिका रुंगटा, सीमा कोकड़ा, प्रीति गोयल सहित अनेकों सदस्या उपस्थित रहीं।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर क्विज कम्पीटिशन का हुआ आयोजन

**सुरत भुमि, सूरत।** कैनाल रोड़ स्थित स्वास्तिक एजुकेशन द्वारा गुरुवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर क्विज कम्पीटिशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चो ने अपने माता पिता व दोस्तों के साथ क्विज कम्पीटिशन में भाग लिया। क्विज कम्पीटिशन में श्री कृष्ण भगवान से जुड़े प्रश्न पूछे गये एवं आयोजन में बच्चों ने कृष्णजी की पेंटिंग व स्केचेस बनाई। आयोजन में त्यौहार के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व को प्रकट किया एवं छात्रों को श्री कृष्ण भगवान से जुड़ी कुछ बातें व उनके जीवन से क्या सीख सकते है एवं भगवत् गीता के कुछ अध्याय के बारे में बताया गया। इस मौक़े पर सभी बच्चों को एक पंकुडी, भागवत गीता एवं पंजीरी प्रसाद के रूप में दिया गया।

# ट्रैवल्स एंड रेंटल्स लिमिटेड ने विकास और विस्तार में तेजी लाने के लिए आरंभिक सार्वजनिक पेशकश ( आईपीओ ) की घोषणा की है

**मुंबई ।** अग्रणी यात्रा समाधानों में अग्रणी कंपनी ट्रैवल्स एंड रेंटल्स लिमिटेड 29 अगस्त, 2024 को अपने आरंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव (आईपीओ) के लॉन्च की घोषणा करते हुए प्रसन्न है। आईपीओ से रू1,224.00 जुटाने की उम्मीद है। रू40 प्रति शेयर की निश्चित कीमत पर 30,60,000 इक्विटी शेयर जारी करना। और ये शेयर 2 सितंबर, 2024 को बीएसई लिमिटेड के एसएमई प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध होने वाले हैं। यह ऑफर 5 सितंबर 2024 को बंद हो जाएगा। आईपीओ का प्रबंधन फिनशोर मैनेजमेंट सर्विसेज लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है।

ट्रैवल्स एंड रेंटल्स लिमिटेड, 1996 में स्थापित, यात्रा और पर्यटन उद्योग में एक अग्रणी कंपनी के रूप में उभरी है, जो घरेलू और अंतरराष्ट्रीय हवाई टिकटिंग, होटल आरक्षण, अनुकूलित टूर पैकेज और यात्रा बीमा, पासपोर्ट और सहायक सेवाएं जैसी सहायक सेवाएं प्रदान करती है। वीज़ा प्रसंस्करण में सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। कंपनी 2010 से लुफ्थांसा सिटी सेंटर इंटरनेशनल जीएमबीएच की फ्रेंचाइजी रही है, जिससे भारतीय बाजार में इसकी स्थिति और मजबूत हुई है।

आईपीओ से प्राप्त राशि का उपयोग कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं, सामान्य कॉर्पोरेट खर्चों और शेयर जारी करने से संबंधित खर्चों के लिए किया जाएगा। यह रणनीतिक कदम ट्रैवल्स एंड रेंटल्स लिमिटेड को भारत और उसके बाहर तेजी से बढ़ते यात्रा क्षेत्र में उभरते अवसरों का लाभ उठाने में सक्षम करेगा।

आईपीओ लॉन्च पर जानकारी देते हुए, ट्रेवल्स एंड रेंटल्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, श्री देवेन्द्र भरत पारेख ने कहा, "यह आईपीओ पिछले कुछ वर्षों में हमारी कंपनी की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, हमने एक मजबूत आधार और सेवाओं का एक मजबूत पोर्टफोलियो बनाया है हमें विस्तार करने, अपनी सेवा पेशकशों को बढ़ाने और यात्रा उद्योग में एक विश्वसनीय नाम के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत करने में सक्षम बनाता है और हम आगे के अवसरों के बारे में उत्साहित हैं और अपने हितधारकों को दीर्घकालिक मूल्य प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। च्च्हमने कंपनी के वित्तीय प्रदर्शन में प्रभावशाली वृद्धि देखी है, जिसमें 2022 में राजस्व वृद्धि रू 290.59 लाख से बढ़कर 2024 में रू 803.54 लाख हो गई है, जो बाजार में इसकी सेवाओं की मजबूत मांग का संकेत देता है। यह आईपीओ निवेशकों को एक अवसर प्रदान करता है। इस विकास की कहानी का हिस्सा और भारत में बढ़ते यात्रा बाजार से लाभ मिलता है

# वेलस्पन फाउंडेशन को 5,000+ पौधे लगाने के लिए सम्मानित किया गया

**वापी।** समाज के हर वर्ग को मजबूत करने में प्रभावशाली योगदान देने के सक्रिय प्रयास के साथ, वेलस्पन वर्ल्ड की सीएसआर शाखा, वेलस्पन फाउंडेशन अंतिम गांव तक विकास पहुंचाने में लगातार मदद कर रही है। शिक्षा, जीवनशैली, स्वास्थ्य, उपचार और महिला-सशक्तीकरण से लेकर पर्यावरण तक वेलस्पन फाउंडेशन समाज के समग्र विकास के लिए लगातार काम कर रहा है।

75वें तालुका वन महोत्सव 2024 में, श्री कनुभाई देसाई, वित्त, ऊर्जा और पेट्रोलियम मंत्री, गुजरात और डॉ. वलसाड के सामाजिक वानिकी विभाग के उप वन संरक्षक आरआर नाला को वेलस्पन फाउंडेशन को उसके काम के लिए सराहना पत्र मिला। वेलस्पन की एक मील का पत्थर पहल, वर्ष 2024-25 में वलसाड के 20 से अधिक गांवों में लोगों द्वारा 5000 से अधिक पौधे लगाने के लिए यह पत्र प्राप्त हुआ है।

वेलस्पन फाउंडेशन ने 5 जून, 2024, विश्व पर्यावरण दिवस पर गुजरात प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, ग्राम सरपंच, वन विभाग और समुदाय के सदस्यों के साथ मिलकर यह पहल शुरू की। इस पहल का प्राथमिक उद्देश्य शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में हरियाली बढ़ाना और वृक्षारोपण अभियान के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करना था।

वेलस्पन फाउंडेशन पर्यावरण को बचाने और जागरूकता पैदा करने के लिए हर साल कई गतिविधियाँ आयोजित करता है, जैसे पेड़ लगाना, स्वच्छता अभियान, जागरूकता अभियान आदि। फाउंडेशन का उद्देश्य स्कूलों और समाज में सकारात्मक बदलाव लाना और पर्यावरण संबंधी चिंताओं पर विचार करके लोगों को जीने में मदद करना है। । है इन प्रयासों में सरकारी स्कूलों में कूड़ेदान और किचन गार्डन शामिल हैं।

यह प्रशंसा पत्र वेलस्पन के प्रत्येक भागीदार के योगदान को रेखांकित करता है। पर्यावरण के प्रति उनका योगदान सराहनीय है। यह प्रोजेक्ट सिर्फ हरियाली

फैलाने तक ही सीमित नहीं है बल्कि अब पर्यावरण को बचाने के लिए सरकार, समाज, सरपंच, सभी को जिम्मेदारी से काम करने के लिए एक साथ लाता है। समाज के हर वर्ग ने लोगों के संसाधनों को मजबूत करके पर्यावरण को बनाए रखने की पहल की है। वेलस्पन फाउंडेशन की स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता, संसाधन जुटाने की इसकी क्षमता और साझेदारी - 75वें तालुका वन मोहोत्सव के दौरान इस प्रतिष्ठित मान्यता को प्राप्त करने में प्रमुख कारक थे, जो गुजरात में वनीकरण और पर्यावरण कल्याण को बढ़ावा देने के लिए समर्पित एक ऐतिहासिक कार्यक्रम है।

# आराध्य बनाना आसान है लेकिन अखंड श्रद्धा रखना मुश्किल : आचार्य श्री जिनमणिप्रभसूरीश्वरजी म. सा.

**सूरत।** शहर के पाल में श्री कुशल कांति खरतरगच्छ जैन श्री संघ पाल स्थित श्री कुशल कांति खरतरगच्छ भवन में युग दिवाकर खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणिप्रभसूरीश्वरजी म. सा. ने शुक्रवार 30 अगस्त को प्रवचन में कहा कि श्रद्धा का पराक्रम केवल मनुष्य भव में ही संभव है। उन्होंने कहा कि आनंद का परिणाम क्या है? एक आनंद का परिणाम पुर्नवृत्ति और दूसरा आनंद का परिणाम परिणीती है। आनंद का परिणाम पुर्नवृत्ति है वह श्रवण कला है और आनंद का परिणाम जो परिणीती है वह श्रवण योग है। श्रवण योग का परिणाम वाणी के प्रति श्रद्धा है। आनंद का परिणाम जीवन में उतारना है। हजारों लोग ऐसे है जो श्रवण क्रिया से भी वंचित है। हजारों लोग ऐसे है श्रवण क्रिया तो करते है लेकिन श्रवण कला से वंचित है। लाखों लोग ऐसे है श्रवण कला तक सीमित रहकर श्रवण योग में प्रवेश नहीं कर पाते है, कुछ बिरले लोग ही इसमें प्रवेश कर पाते है। कानों से जो सूना जाता है वह श्रवण क्रिया है और बुद्धि से जो सूना जाता है वह श्रवण कला है और हदय से जो सूना जाता है वह श्रवण योग है। उन्होंने कहा कि जिस क्रिया से हदय जुड जाता है वह आत्मसात हो जाती है।

श्रद्धा बहुत दुर्लभ है, श्रद्धा की व्याख्या करना बड़ा मुश्किल काम है। हम वह नहीं देखते है जैसा होता है, हम वह देखते है जैसे हम होते है। अधिकतर लोग अपनी मानसिक अवधारणा का शिकार होते है। आंख, कान भी कभी कभी गलत हो साबित हो जाते है। क्योंकि आंखे भी वहीं देखती है जो सामने है, उसके पीछे का भाग, परिणाम नजर नहीं आता। आराध्य बनाना आसान है, लेकिन उनके प्रति अखंड श्रद्धा रखना बहुत मुश्किल है। तर्क का परिणाम श्रद्धा है और श्रद्धा आने के बाद तर्क विदा हो जाता है। श्रद्धा के पहले तर्क नहीं होने पर वह अंधश्रद्धा हो जाती है।

# उधना की तीन सड़कों पर कांग्रेस पार्टी के नेताओं द्वारा गड्ढा यज्ञ किया गया

**सुरत भुमि, सूरत।** 30/8/2024 को उधना क्षेत्र में उधना उद्योग नगर संघ की तीन सड़कों पर गड्ढों से परेशान लोगों की समस्या के लिए कांग्रेस पार्टी के नेताओं द्वारा गड्ढा यज्ञ किया गया। पिछले छह महीने से अधिक समय से उधना स्टेशन को जोड़ने वाली सभी सड़कें बेहद खराब स्थिति में हैं, उधना रेलवे स्टेशन तक गड्ढों के कारण रोजाना ट्रैफिक जाम होता है और वाहनों को भी नुकसान होता है। इस संबंध में सूरत शहर कांग्रेस पार्टी की ओर से एक आवेदन पत्र भी दिया गया था. एसएमसी अधिकारी द्वारा इस मामले पर कोई ध्यान नहीं

देने के कारण आज कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने गड्ढों का हवन यज्ञ किया जिसके बाद तीनों सड़कों का काम शुरू किया गया. इस कार्यक्रम में गुजरात प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मंत्री आशीषभाई राय, उधना विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष आमिर खान पठान, सूरत शहर मंत्री संतोष शुक्ला पूर्व वार्ड अध्यक्ष किशोरभाई शिंदे, उमेश शिंदे और अन्य स्थानीय नेता उपस्थित थे।

# रियलमी 13 सीरीज़ 5जी 17,999 रुपये के शुरुआती मूल्य में अतुलनीय स्पीड प्रदान करेगा

**नई दिल्ली।** भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने आज अपनी बहुप्रतीक्षित रियलमी 13 सीरीज़ 5जी लॉन्च की। नंबर सीरीज में नए स्मार्टफोन के साथ ही रियलमी बड्स टी01 भी पेश किए गए। रियलमी 13 सीरीज़ 5जी अपनी अतुलनीय स्पीड के साथ स्मार्टफोन उद्योग में परफॉर्मेंस के मानकों को बदल देगी।

रियलमी अपनी नंबर सीरीज़ नई टेगलाईन: ''नैक्स्ट-जेन पॉवर'' के साथ पेश कर रहा है। इसका उद्देश्य मिड-रेंज मूल्य वर्ग में पॉवर और परफॉर्मेंस के नए मानक स्थापित करना है। रियलमी 13 सीरीज़ 5जी नंबर सीरीज़ में अब तक की सबसे शक्तिशाली पेशकश है।

इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा, ''हम रियलमी 13 सीरीज़ 5जी पेश करके बहुत उत्साहित हैं। यह हमारे सफर में

एक बड़ी उपलब्धि है। इस लॉन्च के साथ हम नई टेगलाईन: 'नैक्स्ट-जेन पॉवर' लेकर आए हैं। रियलमी नंबर सीरीज़ में यह हमारे पोर्टफोलियो का केवल एक नया उत्पाद ही नहीं, बल्कि एक गेम-चेंजर है, जो मिड रेंज मूल्य वर्ग में पॉवर और परफॉर्मेंस के नए मानक स्थापित कर रहा है। रियलमी 13 सीरीज़ 5जी नंबर सीरीज़ में अब तक की सबसे शक्तिशाली पेशकश है। हमारा मानना है कि अपने आधुनिक फीचर्स और बेहतर परफॉर्मेंस के साथ यह मिड रेंज स्मार्टफोन के क्षेत्र में हलचल मचा देगा। हमें लोगों के दैनिक जीवन में फ्लैगशिप अनुभव लाने पर गर्व है, जिससे यूज़र्स की अपेक्षाओं से बेहतर असाधारण उत्पाद प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है।

इस लॉन्च के बारे में अनुज सिद्धार्थ, डायरेक्टर, मार्केटिंग एवं कम्युनिकेशंस, मीडियाटेक ने कहा, ''मीडियाटेक डायमेंसिटी 7300 एनर्जी एक फ्लैगशिप ग्रेड की चिपसेट है, जिसमें सर्वश्रेष्ठ 4एनएम प्रक्रिया का उपयोग किया गया है। यह नैक्स्ट जनरेशन की क्षमताओं के साथ पॉवर और एफिशियंसी का बेहतरीन संतुलन प्रदान करती है।'' उन्होंने आगे कहा, ''यह चिपसेट 10 बिट डिस्प्ले, एआई वर्कलोड के लिए शक्तिशाली एनपीयू, मीडियाटेक हाईपइंजन ऑप्टिमाईज़ेशन के साथ बेहतर गेमिंग फीचर्स और शानदार फोटोग्राफी अनुभव को सपोर्ट करती है। रियलमी 13+ 5जी में मीडियाटेक डायमेंसिटी 7300 एनर्जी के साथ मीडियाटेक 5जी अल्ट्रासेव 3.0 और ड्युअल 5जी सिम सपोर्ट जैसी प्रभावशाली टेक्नोलॉजी दी गई हैं। इसमें बड़ी और मजबूत कोर, स्टेनलेस स्टील वेपर कूलिंग सिस्टम, और 120 हर्ट्ज का ओलेड ई-स्पोर्ट डिस्प्ले भी है, जिनके साथ रियलमी 13 5जी यूज़र्स को गेमिंग का बेहतरीन अनुभव प्रदान करता है ताकि वो अपने पसंदीदा गेम्स का पूरा आनंद ले सकें।''

अपने हाई परफॉर्मेंस मीडियाटेक डायमेंसिटी 7300 एनर्जी 5जी चिपसेट और 26जीबी तक की डायनामिक रैम के साथ रियलमी 13+ 5जी बहुत ही स्मूथ मल्टीटास्किंग प्रदान करता है। इस स्मार्टफोन में पीक परफॉर्मेंस रिलीज़ के लिए जीटी मोड है, जिससे 90 एफपीएस पर गेमिंग का शानदार अनुभव मिलता है।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, सम्पादक: संजय रमाशंकर मिश्रा द्वारा ११४, न्यू प्रियंका टाउनशीप अपार्टमेन्ट, डिंडोली, उधना, सुरत ( गुजरात ) प्रिन्टर्स- भूनेश्वरा प्रिन्टर्स, प्लाट नं. 29, परमानन्द इण्डस्ट्रीयल सोसायटी, चौकसी मील के पास, उधना मगदल्ला रोड़ ( गुजरात ) से मुद्रित एवं ११४, न्यू प्रियंका टाउनशीप अपार्टमेन्ट, डिंडोली, उधना, सूरत ( गुजरात ) से प्रकाशित। कार्यालय फोन: 0261-2274271, ( न्यायिक क्षेत्र सूरत रहेगा )